شری رشید مسعود -

ڈپٹی اسپیکر صاحب بھارت سرکار نے اتر پردیش سرکار اور ہریانہ سرکار سے مل کر ایک پل جمنا ندی پر لکھوتی کے پاس جمنا نگر اور کیرانہ کے بیچ میں بنانا منظور کیا ہے، جس کی مانگ ہم نے ہاؤس میں کئی بار کی تھی۔ اس کا اعلان باقاعدہ کر دیا گیا تھا۔ مگر افسوس کی بات یہ ہے کہ اب یہ پل ضلع سہارنپور کے بجائے مظفر نگر ضلع میں کیرانہ کے موجودہ پل سے صرف دس بارہ کلومیٹر دور بنایا جا رہا ہے، جس کی وجہ سے ضلع سہارنپور کے لوگوں کو مستقل پریشانی بنی رہے گی، ڈیفینس کے نقطہ نظر سے بھی جمنا پر لکھوتی کے سامنے پل بنانا ضروری ہے تاکہ رڑکی جو ملٹری کی چھاؤنی ہے، سے سرحدوں پر فوجوں کے جانے میں پریشانی ۔ اس لئے میری سرکار سے درخواست ہے کہ جمنا پر جو پل کیرانہ اور جمنا نگر کے بیچ بن منظور ہوا ہے اس کو لکھوتی کے سامنے تنگل گھاٹ یا کنڈا گھاٹ پر بنایا جائے۔

12.32 hrs.

MOTION OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS CONTD

MR. DEPUTY SPEAKER : The House now will take up further discussion on the Motion of Thanks on the President's Address. Three hours' time is left. So, we will continue with the discussion till 4 o'clock and 4 p.m. the Prime Minister would reply. Now, Mr. Kabuli. You have already taken eight minutes. Please conclude in another one or two minutes.

श्री अब्दुल रशीद काबुली (श्रीनगर) : डिप्टी स्पीकर साहब, अव्वल तो मैं यह कहना चाहता हूं कि म्हात्रे का जो कत्ल 5 फरवरी को लंदन में बरमिंघम के मुकाम पर हुआ उसके फौरन बाद 11 तारीख को मौहम्मद मकबूल वट्ट नाम के सख्स, जो लिबरेशन फ्रंट से ताल्लुक रखता था फांसी दे दी गई। मैं यह कहना चाहता हूं कि इस मामले के दो पहलू हैं। चूंकि इसका रियासत जम्मू-कश्मीर से ताल्लुक है और चूंकि यह शख्स रियासत जम्मू-कश्मीर का वाशन्दा रहा है, वहां से उसने कई बार आपरेट किया और फिर बाहर जाकर पाकिस्तान से भी उसने आपरेट किया है। मैं यह बताना चाहता हूं कि अव्वल तो इस मामले के दो पहलू हैं, दो आस्पेक्ट हैं, लीगल आस्पेक्ट और पोलिटिकल आस्पेक्टस। जहां तक लीगल आस्पेक्ट्स का ताल्लुक है, मैं इस बावकार एवान से पूछना चाहूंगा कि यह कैसे हुआ कि जिसके बारे में उसके वकला ने शिकायत की है, जो उसके एटार्नीज थे उन्होंने यह शिकायत की है सुप्रीम कोर्ट में कि जहां तक जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट का ताल्लुक है, उसने कोई कन्फर्मेशन नहीं दिया था और मरकजी हुकूमत ने सर्टिफिकेट सुप्रीम कोर्ट के सामने पेश नहीं किया।

दूसरी बात यह है कि इस शख्स ने सात साल तक मर्सी पेटीशन का इन्तजार किया और उसके बाद अचानक म्हात्रे के कत्ल के फौरन बाद उसको फांसी पर लटकाया गया। तीसरी बात यह है कि जो एक और कत्ल का केस है, जिसको लिंगेट कत्ल केस कहा जाता है, जिस केस से वह कनेक्टेड था सन् 1978 से उसका मुकदमा श्रीनगर में चल रहा था। यह लीगल आस्पेक्ट हैं। हमारी दुनिया की सबसे बड़ी जमहूरियत है और हमें इसमें कुछ प्रिसीडेन्ट्स कायम करने हैं सारी दुनिया को हमें यह बताना है कि कहीं इस मामले में इन्तकामगीरी तो नहीं हुई है, कहीं इस मामले में जबर्दस्ती तो नहीं हुई है कि हमने एक शख्स को गैर मुतवक्के तौर पर... (व्यवधान)

श्री हरीश रावत : आप क्या समझते हैं इन्तकाम लिया गया है ? आप अपनी राय दीजिए। **(व्यवधान)**

श्री अब्दुल रशीद काबुली : मैं यह बताना चाहता हूं कि कुछ ऐसा इम्प्रेशन पैदा हुआ है कि कहीं हमने म्हात्रे के कत्ल के जवाब में कोई जल्दबाजी तो नहीं की। मैं यह कह देना चाहता हूं कि जहां तक मकबूल बट्ट की करतूतों का ताल्लुक है, हमने उसको कन्डेम किया है और हम कभी भी नहीं चाहेंगे कि कोई ऐसा आदमी जो सेशेशनिस्ट है, जो जम्मू-कश्मीर की हिन्दुस्तान के बाहर निकालने की कोशिश करे उसको सजा न मिले। जो कुछ भी उसने किया है उसकी हमने मजम्मत की है। लेकिन जहां तक लीगल आस्पेक्ट्स का सवाल है, आपको इस एवान में बताना पड़ेगा कि हमने कोई नाइन्साफी तो नहीं की। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से जम्मू-कश्मीर में डा० फारूक अब्दुल्ला पर इल्जाम लगाया जाता है।

आपकी तरफ से यह कहा जा रहा है कि डा० फारूख अब्दुल्ला आजाद काश्मीर गया था। जहां पर उसकी तस्वीरें लिब्रेशन फ्रन्ट वालों के साथ छपी हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमने एक चैपटर को खत्म कर दिया है। 1975 में हिन्दुस्तान की महान लीडर, मोहतरिम श्रीमती इंदिरा गांधी और शेरे-ए-काश्मीर, शेख अब्दुल्ला के दर्मियान एक समझौता हुआ और बहुत सारी बातें दोनों तरफ से हुई हैं। जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ 9 अगस्त, 1953 को जोर-जबरदस्ती हुई है। 1953 में शेख मौहम्मद अदुल्ला साहब वहां के वजिर-आजम थे। जिसने हिन्दुस्तान के साथ कश्मीर को मिलाया था। उसमें गिरफ्तारियों हुई और नाइंसाफियां हुईं। 9 अगस्त 1975 के दौर में जो नाइंसाफियां हुई हैं उसको जम्मू काश्मीर के लोगों ने पसन्द नहीं किया है। जो भी सरकार वहां पर बनी है, उसमें वहां के लोगों ने पार्टिसिपेशन नहीं लिया है। डैमोक्रेसी के प्रोसेस में। इस बिना पर मैं कहना चाहता हूं कि 1976 में शेख साहब इकतदार में आ गए। अलफतह नाम के व्यक्ति को माफ कर दिया, जैसे गुलाम मौहम्मद सादिक साहब ने नरमी की पॉलिसी अख्तियार की है। उसको हमने एप्रिशिएट किया है। उस जमाने में जो मुल्क के साथ खिलाफ काम कर रहे थे, उनके लिए सादिक साहब ने कहा कि ताकत और जोर से नहीं मौहब्बत से अपनायेगे। इसका नतीजा यह निकला कि 1964 में शेख साहब से खिलाफ केसेज को वापिस लिया गया और जेलों से पोलिटिकल वर्कस को निकाला गया। सादिक साहब जो कांग्रेस के बड़े नेता थे उन्होंने यह काम अंजाम दिया। यह प्रोसैस जारी रहा। मैं मुबारकबाद देता हूं श्रीमती इंदिरा गांधी को उन्होंने इसकी हौंसला अफजाई की। सादिक साहब की वफाअत के बाद दूसरे कांग्रेस के नेता वहां आए, श्री सैयद मीर कासिम। उन्होंने इस सिलसिले को आगे जारी रखा। सादिक साहब के वक्त में शेश साहब और मरकज के दर्मियान एक समझौता हुआ, जो शेश साहब की फतह थी और इंदिरा जी की फतह थी और पूरे हिन्दुस्तान की फतह थी। आपस की जो दुरियां थीं, वह खत्म हो गई। एक दूसरे के साथ जो गिले-शिकवे थे, वे खत्म हो गए। काश्मीर एक बहुत ही सैंसिटिव स्टेट है और इसके इर्दगिर्द पाकिस्तान का बार्डर मिलता है। इस बिना पर शेख साहब ने 1976 में अलफतह नाम की एक जमात को माफ किया और जेल से

निकाला। जिसमें फजलेहक कुरेशी और दर्जनों ऐसे लोग हैं। उस जमाने में बन्दूक उठाकर हिन्दुस्तान की सलतनत को चेलेंज करते थे। जिस दिन वे निकाले गए, उसी दिन केसेज वापिस लिए गए। बाद में उन्होंने अपना कारोबार शुरू किया। यह बहुत बड़ी फतह है, मौहब्बत और प्यार से लोगों के दिल जीते जा सकते हैं। मुझे एवान को यह बताते हुए बहुत दुःख हो रहा है कि मकबूल नाम का शख्स जिसको फांसी दी गई, उसको कोई नहीं जानता था। पूरे काश्मीर में कभी उसके लिए मुजाहिरा नहीं हुआ, उसके लिए कभी आंसू नहीं बहाए गए। सात बरस तक उसको तिहाड़ जेल में रखा। जहां पर उसको फांसी देकर हीरो बनाया गया। मैं समझता हूं कि यह बहुत महान देश है, बहुत बड़ा देश है। हमने सारी दुनिया की खाया खड़ी की है। यहां पर मिलिटरी रिजीम नहीं है। सात बरस तक एक आदमी ने सजा भुगती और उसको तिहाड़ जेल में रखा। उसमें प्रेजीडेंट के सामने मर्सी पैटीशन रखी, जिसको रद्द कर दिया गया। इस बिना पर मैं कहना चाहता हूं कि कांग्रेस को हिन्दुस्तान जितना प्यारा है, आपोजीशन उससे कम पीछे नहीं हैं। नैशनल कान्फ्रेंस की इस मुल्क के लिए बहुत सैक्रिफाइसेस हैं। 1953 से पहले 1947 में जब हिन्दुस्तान की फौजें वहां पर नहीं थी, तो कश्मीर के मुसलमानों ने पाकिस्तान का मुकाबला किया और जानें कुर्बान कर दीं। बहुत सारे नौजवान कत्ल हो गए, लेकिन हिन्दुस्तान की आन पर आंच नहीं आने दी। मैं आपसे इस बारे मे जवाब चाहता हूं कि कहीं आपको इस जल्दबाजी के नतीजे में मौहम्मद मकबूल को ही ना हीरो बनाकर, अहमियत दिलाकर कोई गलत काम तो नहीं किया।

दूसरी बात, मैं जानना चाहता हूं—क्या गवर्नमेन्ट आफ इण्डिया और पाकिस्तान सरकार के दरमियान कोई कारस्पौंडेंस हुई थी, उसमें हमारी गवर्नमेन्ट यह चाहती थी कि मकबूल भट्ट को रिहा कर दिया जायगा, अगर उसके बदल में पांच आदमी रिप्रेट्रिएट किये जायं ? मैं जानना चाहूंगा—क्या पाकिस्तान सरकार ने उस आफर को रिजेक्ट कर दिया था ?

हमारी फारन-पालिसी एक बहुत कामयाब पालिसी है जो हिन्दुस्तान के लोगों के जजबात की अलम्बरदार है। इस पालिसी के तेहत दुनिया में जो मर्तबा हमें मिला है, मैं उसकी तारीफ करता हूं। दुनिया में सनअती लिहाज से जो बड़ी ताकतें हैं उनमें हमारी छठी जगह है और आइन्दा भी इस लिहाज से हमारी ताकत में ज्यादा इजाफा होगा। लेकिन जो हमारे आसपास के मुल्क हैं, उनके साथ हमारा कोई मुकाबला नहीं है। पाकिस्तान कई बार शकिस्त खा चुका है, बंगला देश उसके हाथ से निकल चुका है। लेकिन उस बिना पर जंग को फिजा या माहौल पैदा करने की जरूरत नहीं है। अगर वह मुल्क खुद हम से टकराने की कोशिश करेगा तो पाश-पाश हो जायगा। यही हालत बंगला देश की है। इसलिये मेरी गुजारिश है—कांग्रेस के जरिये आज जो पाकिस्तान के साथ जंग की बात की जा रही है,, इलैक्शन इन्टरेस्ट में तो वह ठीक हो सकती है, लेकिन मुल्क के मुफाज के लिए वह ठीक नहीं है, इस तरह की बातों से कोई फायदा नहीं होगा।

मैंने जो चन्द सवाल इस ऐवान में रखे हैं, मुझे उम्मीद है—वजीरेआजम साहबा अपने जवाब में उन सवालों का जवाब देंगी।

شری عبدالرشید کابلی (سری نگر)

ڈپٹی اسپیکر صاحب - اول تو میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ مہاترے کا جو قتل ۵ فروری کو لندن میں برمنگھم کے مقام پر ہوا اس کے فوراً بعد ۱۱ فروری کو مقبول بٹ نام کے شخص کو جو لبریشن فرنٹ سے تعلق رکھتا تھا پھانسی دیدی گئی، میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس معاملے کے دو پہلو ہیں، چوں کہ اس کا ریاست جموں کشمیر سے تعلق ہے اور چونکہ یہ شخص ریاست جموں کشمیر کا باشندہ رہا ہے وہاں سے اس نے کئی بار آپریٹ کیا - اور پھر باہر جا کر پاکستان سے بھی اس نے آپریٹ کیا ہے، میں یہ بتانا چاہتا ہوں کہ اول تو اس معاملے کے دو پہلو ہیں وہ آسپیکٹس ہیں لیگل آسپیکٹ اور پالٹیکل آسپیکٹ، جہاں تک لیگل آسپیکٹ کا تعلق ہے، میں اس باوقار ایوان سے پوچھنا چاہتا ہوں گا کہ یہ کیسے ہوا کہ جس کے بارے میں اس کے وکلاء نے شکایت کی ہے جو اس کے اٹارنیز تھے انھوں نے یہ شکایت کی ہے سپریم کورٹ میں کہ جہاں تک جموں کشمیر ہائی کورٹ کا تعلق ہے اس نے کوئی کنفرمیشن نہیں دیا تھا اور مرکزی حکومت نے سرٹیفکیٹ سپریم کورٹ کے سامنے پیش نہیں کیا - دوسری بات یہ ہے کہ اس شخص نے سات سال تک اس پیٹیشن کا انتظار کیا اور اس کے بعد اچانک مہاترے کے قتل کے فوراً بعد اس کو پھانسی پر لٹکایا گیا - تیسری بات یہ ہے کہ جو ایک اور قتل کا کیس ہے جس کو لنگیٹ قتل کیس کہا جاتا ہے جس کیس سے وہ بنڈ تھا - سن ۱۹۷۸ سے اس کا مقدمہ سری نگر میں چل رہا تھا - یہ لیگل آسپیکٹ ہیں -

ہماری دنیا کی سب سے بڑی جمہوریت ہے اور ہمیں اس میں کچھ پرسیڈنٹ قائم کرنے ہیں، ساری دنیا کے سامنے اور ہمیں بتانا ہے کہ کہیں اس معاملے میں انتقام گیری تو نہیں ہوئی ہے، کہیں اس معاملے میں زبردستی تو نہیں ہوئی ہے کہ ہم نے ایک شخص کو غیر متوقع طور پر . . . . .

(انٹرویشن)

श्री हरीश रावत : आप क्या समझते हैं इन्तकाम लिया गया है। आप अपनी राय दीजिये। (**व्यवधान**)

شری عبدالرشید کابلی

میں یہ بتانا چاہتا ہوں کہ کچھ ایسا امپریشن پیدا ہو گیا ہے کہ کہیں ہم نے ماترے کے اس قتل کے جواب میں کوئی جلد بازی تو نہیں ہوئی. میں یہ کہہ دینا چاہتا ہوں کہ جہاں تک مقبول بٹ کی کرتوتوں کا تعلق ہے. ہم نے اس کو کنڈیم کیا ہے اور ہم کبھی بھی نہیں چاہیں گے کہ کوئی ایسا آدمی جو سیشنسٹ ہے جو جموں کشمیر کو ہندوستان کے باہر نکالنے کی کوشش کرے اس کو سزا نہ ملے، جو بھی کام

اس نے کیا ہے اس کی ہم نے مذمت کی ہے - لیکن جہاں تک لیگل اسپیکٹس کا سوال ہے - آپ کو اس ایوان میں بتانا پڑے گا کہ ہم نے کوئی ناانصافی تو نہیں کی - دوسری بات یہ کہ کانگرس پارٹی کی طرف سے جموں کشمیر میں ڈاکٹر فاروق عبداللہ پر الزام لگایا جاتا ہے، آپ کی طرف سے یہ کہا جا رہا ہے کہ ڈاکٹر فاروق عبداللہ آزاد کشمیر گیا تھا - جہاں پر اس کی تصویریں لبریشن فرنٹ والوں کے ساتھ چھپی ہیں، میں آپ کو بتانا چاہتا ہوں کہ ہم نے ایک چیپٹر کو ختم کر دیا ہے ۱۹۷۵ء میں ہندوستان کی مہان لیڈر شریمتی اندرا گاندھی اور شیر کشمیر شیخ عبداللہ کے درمیان ایک سمجھوتہ ہوا اور بہت ساری باتیں دونوں طرف سے ہوئی ہیں - جموں کشمیر کے لوگوں کے ساتھ ۹ اگست ۱۹۵۳ء کو زور زبردستی ہوئی ہے ۱۹۵۳ میں شیخ عبداللہ صاحب وہاں کے وزیر اعظم تھے، جس نے ہندوستان کے ساتھ کشمیر کو ملایا تھا - اس میں گرفتاریاں ہوئیں اور ناانصافیاں ہوئیں ۹ اگست ۱۹۷۵ء کے دوران جو ناانصافیاں ہوئیں اس کو جموں کشمیر کے لوگوں نے پسند نہیں کیا ہے - جو بھی سرکار وہاں بنتی ہیں اس میں وہاں کے لوگوں نے پارٹیسپیشن نہیں لیا ہے. ڈیموکریسی کے

پروسیس میں۔ اس بنا پر میں کہنا چاہتا ہوں کہ ۱۹۷۶ء میں شیخ صاحب اقتدار میں آ گئے الفتح نام کے ویکٹی کو معاف کر دیا۔ جیسے غلام محمد صادق صاحب نے نرمی لانے کی پالیسی اختیار کی ہے، اس کو ہم نے ایپریشیئٹ کیا ہے، اس زمانے میں جو ملک کے خلاف کام کر رہے تھے ان کے لئے صادق صاحب نے کہا کہ طاقت اور زور سے نہیں محبت سے بنائے جائیں گے۔ اس کا نتیجہ یہ نکلا کہ ۱۹۶۴ء میں شیخ صاحب کے کیسز کو واپس لے لیا گیا۔ جموں سے پالیٹیکل ورکرس کو نکالا گیا۔ صادق صاحب جو کانگریس کے بڑے نیتا تھے انھوں نے یہ کام انجام دیا۔ یہ پروسیس جاری رہا، میں مبارک باد دیتا ہوں شریمتی اندرا گاندھی کو انھوں نے اس کی حوصلہ افزائی کی، صادق صاحب کی وفات کے بعد میں دوسرے کانگریس کے نیتا وہاں آئے، شری سید میر قاسم۔ انھوں نے اس سلسلے کو آگے جاری رکھا۔ صادق صاحب کے وقت میں شیخ صاحب اور مرکز کے درمیان ایک سمجھوتہ ہوا جو شیخ صاحب کی فتح تھی اور اندرا جی کی فتح تھی اور پورے ہندوستان کی فتح تھی۔ آپس کی جو دوریاں تھیں وہ ختم ہو گئیں، ایک دوسرے کے ساتھ جو گلے شکوے تھے وہ ختم ہو گئے۔ کشمیر ایک بہت ہی سینسی ٹیو سٹیٹ ہے اور اس کے ارد گرد پاکستان کا بارڈر ملتا ہے اس بنا پر شیخ صاحب نے ۱۹۷۶ء میں الفتح نام کی ایک جماعت کو معاف کیا اور جیل سے نکالا جس میں فضل حق قریسی اور درجنوں ایسے لوگ ہیں، اس زمانے میں بندوق اٹھا کر ہندوستان کو چیلنج کرتے تھے، جس دن وہ نکالے گئے اس دن کیسز واپس لئے گئے۔ بعد میں انھوں نے اپنا کاروبار شروع کیا۔ یہ بہت بڑی فتح ہے، محبت اور پیار سے لوگوں کے دل جیتے جا سکتے ہیں، مجھے ایوان کو یہ بتاتے ہوئے بہت دکھ ہو رہا ہے کہ مقبول نام کا شخص جس کو پھانسی دی گئی اس کو کوئی نہیں جانتا تھا۔ پورے کشمیر میں کبھی اس کے لئے مظاہرہ نہیں ہوا۔ اس کے لئے کبھی آنسو نہیں بہائے گئے۔ سات برس تک اس کو تہاڑ جیل میں رکھا گیا جہاں پر اس کو پھانسی دے کر ہیرو بنایا گیا، میں سمجھتا ہوں کہ یہ بہت مہان دیش ہے، بہت بڑا دیش ہے، ہم نے ساری دنیا کی کھاٹ کھڑی کی ہے، یہاں پر ملٹری رجیم نہیں ہے، سات برس تک، ایک آدمی نے سزا بھگتی اور اس کو تہاڑ جیل میں رکھا۔ اس نے پریذیڈنٹ کے سامنے مرسی پٹیشن رکھی جس کو رد کر دیا گیا۔ اس بنا پر میں کہنا چاہتا ہوں کہ کانگریس کو ہندوستان جتنا پیارا ہے اپوزیشن اس سے کم پیچھے نہیں ہے، نیشنل کانفرنس کی اس ملک کے لئے بہت سیکری فائز ہیں، ۱۹۵۳ء سے پہلے ۱۹۴۷ء میں جب ہندوستان کی فوجیں

وہاں پر نہیں تھیں تو کشمیر کے مسلمانوں نے پاکستان کا مقابلہ کیا اور جانیں قربان کر دیں، بہت سارے نوجوان قتل کر دیئے گئے لیکن ہندوستان کی آن پر آنچ نہیں آنے دی، میں آپ سے اس بارے میں جواب چاہتا ہوں کہ کہیں آپ کی اس جلد بازی کے نتیجے میں محمد مقبول کو ہیرو بنا کر اہمیت دلا کر کوئی غلط کام تو نہیں کیا۔

دوسری بات میں جاننا چاہتا ہوں کیا گورنمنٹ آف انڈیا اور پاکستان سرکار کے درمیان کوئی کورس پونڈنٹس ہوئی تھیں اس میں ہماری گورنمنٹ یہ چاہتی تھی کہ مقبول بٹ کو رہا کر دیا جائے گا۔ اگر اس کے بدلے میں پانچ آدمی ری پیٹریٹ کئے جائیں۔ میں جاننا چاہوں گا کیا پاکستان سرکار نے اس آفر ری جیکٹ کر دیا تھا۔

ہماری فارن پالیسی ایک بہت کامیاب پالیسی ہے جو ہندوستان کے لوگوں کے جذبات کی علمبردار ہے۔ اس پالیسی کے تحت دنیا میں جو رتبہ ملا ہے میں اس کی تعریف کرتا ہوں، دنیا میں صنعتی لحاظ سے جو بڑی طاقتیں ہیں ان میں ہماری چھٹی جگہ ہے اور آئندہ بھی اس لحاظ سے ہماری طاقت میں زیادہ اضافہ ہوگا۔ لیکن جو ہمارے آس پاس کے ملک ہیں اُن کے ساتھ ہمارا کوئی مقابلہ نہیں ہے۔ پاکستان کی

بار شکست کھا چکا ہے۔ بنگلہ دیش اس کے ہاتھ سے نکل چکا ہے۔ لیکن اس بنا پر جنگ کی فضا یا ماحول پیدا کرنے کی ضرورت نہیں ہے۔ اگر وہ ملک خود ہم ٹکرانے کی کوشش کرے گا تو پاش پاش ہو جائے گا۔ یہی حالت بنگلہ دیش کی ہے۔ اس لئے میری گذارش ہے کانگریس کے ذریعہ جو پاکستان کے ساتھ جنگ کی بات کی جارہی ہے، الیکشن انٹرسٹ میں تو وہ ٹھیک ہو سکتی ہے لیکن ملک کے مفاد کے لئے وہ ٹھیک نہیں ہے۔ اس طرح کی باتوں سے کوئی فائدہ نہیں ہوگا۔

میں نے جو چند سوال اس ایوان میں رکھے ہیں مجھے امید ہے وزیر اعظم صاحبہ اپنے جواب میں ان سوالوں کا جواب دیں گی۔

ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आरिफ मोहम्मद खां) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आपने महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का जो अवसर मुझे दिया है, उसके लिये मैं आपका बहुत आभारी हूं।

महामहिम राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में कहा है—हमारा गणराज्य तनाव के दौर से गुजर रहा है। महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कामों के लिये देश के लोक-सेवकों और जनता के नुमाइन्दों की दृढ़-निष्ठा की जरूरत है। जितना हम राष्ट्र से लेते हैं उससे ज्यादा हमें उसे देना चाहिये। आज हमारे लिये राष्ट्रीय आदर्शों के प्रति पुनः समर्पण की भावना की जरूरत है।

इन शब्दों को प्रकट कर के, मैं समझता हूं, महामहिम राष्ट्रपति जी ने इस सदन के सम्मानित सदस्यों के लिए एक दिशा निर्धारित की है और कहा है कि जनप्रतिनिधियों को किस प्रकार काम करना चाहिये। एक तरफ राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देश के सामने उत्पन्न कठिनाइयों और खतरे की बात कही गई है, हमें आज जिन चुनौतियों का सामना करना है उनका उल्लेख किया है और दूसरी तरफ हम इस सदन में विपक्ष के कई माननीय सदस्यों से यह बात सुन चुके हैं कि सरकार की तरफ से, कांग्रेस की तरफ से, माननीया प्रधानमंत्री जी की तरफ से जंग का हौव्वा खड़ा किया जा रहा है। रशीद मसूद साहब भी कह रहे हैं कि यह सही है, मैंने उनकी तकरीर को सुना नहीं था, लेकिन अभी काबुली साहब ने भी यही कहा है, जार्ज साहब भी इस बारे में अपनी गर्दन हिला रहे हैं, मुझे मालूम है आप भी यही कहेंगे...

श्री जार्ज फर्नान्डीज (मुजफ्फरपुर) : एक लाख जवान सदर्न कमाण्ड और वेस्टर्न कमाण्ड के बाड़मेर में बाड़मेर-आपरेशन चला रहे हैं, यह किसलिये चल रहा है ?

श्री आरिफ मोहम्मद खां : जहां तक हिन्दुस्तान का ताल्लुक है—अहिंसा को हमने केवल सिद्धान्त रूप में ही स्वीकार नहीं किया है बल्कि उस पर अमल भी किया है। जहां कहीं हमें मजबूर किया गया, जहां हम पर हमला किया गया, जहां हमारी एकता और अखण्डता के लिये खतरा पैदा किया गया, तब आगे बढ़ कर हमारी फौर्सेज ने देश की रक्षा जरूर की है, देश की एकता और अखण्डता को जरूर बचाया है। और अगर आज राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रकार के कुप्रयास किये जा रहे हों, जहां एक बार फिर हमारी एकता और अखण्डता को खतरा पैदा हो जाए, तो उसके लिए तैयार तो रहना ही पड़ेगा और तैयारी केवल अपनी फार्सेज की ही नहीं करनी पड़ेगी बल्कि राष्ट्र को भी

[श्री आरिफ मोहम्मद खां]

उसके लिए तैयार करना पड़ेगा और उन खतरों के बारे में बताना पड़ेगा।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मेरा यह मानना है कि चाहे कुछ साल पहले असम में चलाया गया आन्दोलन हो, चाहे पंजाब का आन्दोलन हो या जम्मू व कश्मीर में जो स्थिति पैदा हुई है वह हो, मेरा यह निश्चित मत है कि यह न तो स्थानीय आन्दोलन है और न वहां की जनता की धार्मिक, आर्थिक या सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूंढने के लिए ये आन्दोलन चलाए गए बल्कि इन का उद्देश्य सिर्फ देश को कमजोर करना है और इनका उद्देश्य हम ने जो रास्ता प्रगति और विकास का अपनाया है, उसको अवरुद्ध करने का है। हमारी जो कल्पना है कि हमारी स्वतन्त्रता और विकास दोनों ही एक सिक्के के दो पहलू हैं और हमारी स्वतन्त्रता पूरी नहीं होती जब तक कि हम आर्थिक विकास और प्रगति के मार्ग पर तेजी से आगे नहीं बढ़ते, मैं ऐसा मानता हूं कि आज दुनिया में बहुत सी ऐसी ताकतें हैं, जिन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि हिन्दुस्तान प्रगति करे। कल जब हमारे बुजुर्ग स्वतन्त्रता संग्राम का आन्दोलन चला रहे थे, तो हमारे लिए यह कहा जाता था कि ये काले रंग के लोग, इनमें इतनी क्षमता नहीं है कि अगर इनको आजादी दे दी जाए, तो ये अपना शासन चला पाएंगे और इतने बड़े देश के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। आज उसी तरीके के लोग, मैं उन्हीं को नहीं कहता जो उस वक्त विरोध करते थे बल्कि उसी प्रकार के विचार रखने वाले लोगों को यह अच्छा नहीं लगता कि ये लोग जो गोरी चमड़ी वालों के गुलाम थे, ये शासन इतना अच्छा चलाएं। जो भारत सन् 1950 में 32 मिलियन टन अनाज पैदा करता था, वही आज 142 मिलियन टन अनाज पैदा करे, औद्योगिक क्षेत्र में हम नये कीर्तिमान स्थापित करें और विज्ञान के क्षेत्र में हम इतना प्रगति करें और विकास के नये-नये कार्यक्रम करें, यह उन्हें अच्छा नहीं लगता है और इसलिए फिर से साजिश शुरू हो गई है हमको कमजोर करने की। साजिश शुरू होती है हमको हमारे मार्ग से विचलित करने की, साजिश शुरू होती है हमको हमारे रास्ते से हटाने की और ये जितनी घटनाएं हुई हैं मेरा निश्चित मत है कि इनके पीछे निश्चित रूप से उन ताकतों का हाथ है, जिन्हें हमारी तरक्की अच्छी नहीं लगती है। श्रीमन्, आप उस मानसिकता पर गौर कीजिए। जब स्वयं हमारे देश के अन्दर ऐसे हिस्से बने हुए थे जहां पर लिखा हुआ था—

"Indians and dogs are not allowed."

जहां हमें जानवरों के बराबर दर्जा दिया जाता था और आज जब संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की प्रधान मंत्री जाती हैं केवल अपने देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया को दूसरे 103 देशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए और उन देशों का जिनके अधिकारों का हमारी ही तरह हनन किया गया था, जिनका हमारी ही तरह शोषण किया गया था, जिन्हें हमारी ही तरह कमजोर बनाया गया था, तो आज दुनिया की उन बड़ी शक्तियों को यह बात अच्छी नहीं लगती है। वे नहीं चाहती कि हमारी प्रधान मंत्री इस तरह से प्रतिनिधित्व करने आए, वह भारत जो कल तक गुलाम था, उसकी प्रधान मंत्री आज दो-तिहाई से ज्यादा दुनिया के मुल्कों का

[श्री आरिफ मोहम्मद खां]

प्रतिनिधित्व संयुक्त राष्ट्र संघ में करें और इसलिए यह साजिश शुरू होती है।

मुझसे पहले अभी काबुली साहब बोल रहे थे, और कश्मीर के मामले पर कल जब सोज साहब बोल रहे थे, तो मेरी तबियत बहुत खुश हुई थी। मैंने उन्हें बोलते हुए सुना था, उन्होंने संविधान को हाथ में लेकर कहा था कि इस संविधान को, इस आईन को हम सलाम करते हैं और हमने अपने यहां पर जो इलेक्शन कराए, वे इस संविधान के अन्तर्गत कराए लेकिन इस के बावजूद भी हमारी वफादारी पर शुबाह किया जाता है। हम शुबाह नहीं करते उनकी वफादारी पर। हमने किसी वक्त भी आप पर ऐसा आरोप नहीं लगाया है हमारा आरोप इससे बिल्कुल भिन्न है। कभी हम ने काश्मीर के मुख्य मंत्री या काश्मीर से चुने जाने वाले सांसद यो विधायक पर आरोप नहीं लगाया कि वे कोई राष्ट्र विरोधी कार्य कर रहे हैं। हमने किसी भी समय यह आरोप नहीं लगाया। हमारा आरोप यह है कि जम्मू व काश्मीर राज्य में, जहां पर राष्ट्र विरोधी तत्व शुरू से ही सक्रिय रहे हैं, आज जो शासन काश्मीर के अन्दर है, वह शासन उन तत्वों को संरक्षण दे रहा है। हमारा आरोप यह है कि वे तत्व जो राष्ट्र विरोधी तत्व हैं और जो खुलेआम 'पाकिस्तान जिन्दाबाद' के नारे लगाते हैं, वे काश्मीर में सक्रिय हैं। मरहूम शेख अब्दुल्ला ने उनको नियंत्रण में रखा था। जिनको शेख अब्दुल्ला ने कमजोर करके रखा था, जिनको शेख अब्दुल्ला ने काबू में करके रखा था, आज उनको कश्मीर सरकार ने खुली छूट दे दी है। यह हमारा आरोप है।

श्रीमन्, मैं इसके ज्यादा विस्तार में नहीं जाना चाहता, यह कहना चाहता हूं कि जब पाकिस्तान ने 1965 में हम पर हमला किया था और पाकिस्तानी सेनाएं बटटामालू तक पहुंच गई थी तो उस हमले के बारे में एक पाकिस्तानी जनरल ने अपनी एक किताब में लिखा है कि 1965 में हमने जो हमला किया था, जिसे जिब्राल्टर आप्रेशन का नाम दिया, वह हमारा आप्रेशन इसलिए असफल हो गया कि श्रीनगर में, कश्मीर की वादी में, स्थानीय तौर पर हम समर्थन नहीं जुटा सके। वे इसलिए समर्थन नहीं जुटा सके थे क्योंकि तत्कालीन सरकार ने राष्ट्र विरोधी तत्वों को कमजोर करके रखा था, उनको नियंत्रण में रखा था। इसलिए पाकिस्तानी सेना बटटामालू तक पहुंचने के बावजूद उस हमले में कामयाब नहीं हो सकी। इसके लिए कश्मीर के लोगों की जितनी तारीफ की जाए वह कम है क्योंकि उन्होंने हमारी सेनाएं वहां तक पहुँचने तक विदेशी सेनाओं का मुकाबला किया, विदेशी सेनाओं को खदेड़ कर भगाया, सारी कुर्बानी की।

आज संकट यह है कि जो आदमी आज ही नहीं, शुरू से पाकिस्तान समर्थक माना जाता है, जो आदमी कश्मीर के भारत का अंग होने के बारे में बारबार सवाल पैदा करता है, जो आदमी प्रेस वालों के पूछने पर कि आपकी राष्ट्रीयता क्या है, जवाब देने से इंकार कर देता है और कभी यह नहीं कहता कि मैं भारतीय नागरिक हूं, उस आदमी को आज कश्मीर के मुख्य मंत्री ने आदर और सम्मान का स्थान दे दिया, उसको आज रेस्पेकटेब्लिटी दे दी है।

श्रीमन् माननीय मुख्य मंत्री, कश्मीर और उनके साथी और समर्थक उनके बचाव में आज जो चाहे कह सकते हैं लेकिन श्रीनगर की जामा मस्जिद में कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री ने, मीर-वाईज मौलवी फारुख की मौजूदगी में यह कहा कि मुझे तो बहुत-सी समस्याओं और कठिनाइयों की वजह से श्रीनगर से ज्यादातर बाहर रहना पड़ता है, इसलिए जिस समय मैं श्रीनगर में नहीं रहूं उस समय आप जन समस्याओं के निराकरण के लिए मौलवी फारूख के पास आ सकते हैं। मैं मौलवी फारूख का नाम इसलिए ले रहा हूं कि कश्मीर भारत का अंग है और इस बारे में बार-बार अगर कोई सवाल उठाता है तो वह है मौलवी फारूख।

श्री अब्दुल रशीद काबुली : डिप्टी स्पीकर साहब जिस मीटिंग का आप जिक्र कर रहे हैं, मैं उसमें था। चीफ मिनिस्टर ने उसमें यह कहा था कि मेरी गैर-हाजिरी में सोशो-इकोनोमिक प्राब्लम् को रिमूव करने के सिलसिले में आप मौलवी साहब के पास आ सकते हैं। पोलिटिकल प्राब्लम के बारे में नहीं कहा था।

شری عبدالرشید کابلی

ڈپٹی اسپیکر صاحب آپ جس میٹنگ کا ذکر کر رہے ہیں میں اس میں تھا۔ چیف منسٹر نے اس میں کہا تھا کہ میری غیر حاضری میں سوشو اکانومک پرابلم کو رمو کرنے کے سلسلے میں آپ مولوی صاحب کے پاس آسکتے ہیں۔ پالیٹیکل پرابلم کے بارے میں نہیں کہا تھا۔

श्री आरिफ मोहम्मद खां : मैं काबुली साहब का बहुत आभारी हूं कि आपने मेरा काम बहुत हल्का कर दिया। मैं इनका आभारी इसलिए भी हूं कि मैंने जब यह आरोप लगाया था और एक पत्रिका के नुमाइन्दे ने जब कश्मीर के माननीय मुख्य मंत्री से यह पूछा था कि यह आरोप सही है तो वे मुकर गये थे और कहा था कि मैंने यह कभी नहीं कहा था। हो सकता है कि माननीय काबुली साहब से लौटने पर जवाब-तलब किया जाए। यह चीज रिकार्ड पर रहनी चाहिए।

श्री अब्दुल रशीद काबुली : आप मौलवी फारूख के बारे में कह रहे हैं। उनका पासपोर्ट इंडियन गवर्नमेंट ने बनाया था। वह इंडियन पासपोर्ट है।

شری عبدالرشید کابلی

آپ مولوی فاروق کے بارے میں کہہ رہے ہیں، اُن کا پاسپورٹ انڈین گورنمنٹ نے بنایا تھا۔ وہ انڈین پاسپورٹ ہے۔

श्री आरिफ मोहम्मद खां : उनका पासपोर्ट ही भारतीय नहीं है, वे जो खाना खाते हैं, वह भी भारतीय है, जो सामान और सुविधाएं हासिल करते हैं, वे भी सब भारतीय रुपये से हासिल करते हैं। जिस धरती पर वे रहते हैं वह भी भारतीय है। लेकिन सारी परेशानी यह है कि यह सब होने के बावजूद जब उनसे यह सवाल किया जाता है कि आप इस देश के नागरिक हैं तो वह अपनी राष्ट्रीयता बताने से इंकार कर देते हैं।

SHRI ABDUL RASHID KABULI : This is not/confirmed news.

श्री आरिफ मौहम्मद खां : खबरें तो अखवारी ही होंगी। अगर काबुली साहब दूसरा स्रोत जानते हैं तो वह बता दें। **(व्यवधान)**

MR. DEPUTY-SPEAKER : What is this Mr. Kabuli ? Why can you not hear him ? You can reply to him. But this kind of interruption is not good.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : श्रीमन् अखवार वालों में मैं यह मानता हूं कि इतनी निष्पक्षता है कि अगर उन्होंने एक वक्तव्य छापा है कि मोलवी फारूख अपनी नागरिकता बताने से इन्कार करते हैं, अगर इस सिलसिले में कोई क्लेरिफिकेशन देंगे, कोई स्पष्टीकरण देंगे तो निश्चित ही अखबार वाले उस स्पष्टीकरण को भी छापेंगे। वह स्पष्टीकरण बदकिस्मती से मुख्यमंत्री की तरफ से आता है, काबुली साहब की तरफ से आता है, मौलवी फारूख साहब की तरफ से आज तक कोई स्पष्टीकरण नहीं आया। स्पष्टीकरण क्या आया। कश्मीर के मुख्यमंत्री ऐलान कर रहे थे कि हम मौलवी फारूख को राष्ट्र की धारा में लेकर आए हैं और दूसरी तरफ मकबूल भट्ट को जो राष्ट्र के खिलाफ साजिशों में शामिल रहा, जिसने कत्ल किए, जब उसको फांसी दी गई और सरहद के उस पार से, दूसरे देश के राष्ट्रपति से उसको शहीद कहा और वहां पर हड़ताल करने के लिए अपील की तो मौलवी फारूख ने अपने राजनीतिक साथियों के साथ कश्मीर वैली में बन्द का आह्वान किया।

श्री अब्दुल रशीद काबुली : यह बिल्कुल गलत है। या वे स्तीफा दे दें, या मैं स्तीफा दे दूंगा। इस बात की जांच करा ली जाए।

مشری عبدالرشید کابلی

یہ بالکل غلط ہے۔ یا وہ استعفیٰ دیں یا میں استعفیٰ دے دوں گا۔ اس بات کی جانچ کرا لیجئے۔

MR. DEPUTY-SPEAKER : What is this ? On every point you are opposing. Everybody has the freedom of speech.

(Interruptions)

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneswar : This should be examined whether there is any electric connection there.

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur) : That current has reached there also.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : माननीय उपाध्यक्ष जी, अभी 14 जनवरी को कांग्रेस (आई) के द्वारा आयोजित रैलियों पर जम्मू-कश्मीर की पुलिस ने बिना किसी कारण के लाठी चार्ज किया, गोली चलाई, जुल्म किया, 6 आदमी वहां पर जान से मारे गए, उसके लिए अपनी तरफ से, अपनी पार्टी की तरफ से अपनी नेता की तरफ से संवेदना व्यक्त करने के लिए मुझे भी वहां जाने का मौका मिला और श्रीमन् मैं यहां से यह सोच कर गया था कि राजनीतिक पार्टी के द्वारा आयोजित रैलियों को शायद वहां की सरकार ने पसंद नहीं किया और उन्होंने संयम से काम नहीं लिया, मर्यादा के अंदर नहीं रहे और ज्यादती कर दी। हमें हमदर्दी थी उनके परिवारों के साथ जिनकी जानें गई थीं, जिन पर जुल्म किया गया था, जिन्होंने संपत्ति खोई थी। मैं इस संबंध

में इसलिए कह रहा हूं क्योंकि मेरे इल्जाम को काबुली साहब गलत बता रहे हैं मकबूल भट्ट के सिलसिले में। उसी के संबंध में मैं कह रहा हूं कि जब वहां जाकर देखा तो पता लगा कि कांग्रेस आई के कार्यकर्ता को इसलिए नहीं मारा गया कि वह कांग्रेस आई का कार्यकर्ता था बल्कि उनमें से हरएक मरने वाले व्यक्ति, चोट खाने वाले व्यक्ति, जिनके घर जलाए गए, जिनको आर्थिक नुक्सान पहुंचाया गया, उसको पूछ-पूछ कर कहा गया कि फिर कहो हिन्दुस्तान जिन्दाबाद। और वह हिन्दुस्तान जिन्दाबाद कहता रहा और पिटता रहा। सोनावर के पास शोगांव में खिजर मोहम्मद मामूली आदमी नहीं था। 15 लाख रुपए साल की आमदनी उसे सेब के बागों से होती है। किस तरीके से उसकी जान गई। वह ऐसा आदमी था जिसे ज्यादा लोग जानते पहचानते थे। ऐसे आदमी को सजा दो जिसका असर दूसरों पर पड़ेगा। उसकी मौत गोली से नहीं हुई। तहसील के बाहर खड़ा करके खिजर मोहम्मद से हर डंडे पर कहा गया कि फिर कहो हिन्दुस्तान जिन्दाबाद। और खिजर मोहम्मद हिन्दुस्तान जिन्दाबाद कहता रहा।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Why are you talking Mr. Kabuli ? Are you against 'Hindustan 'Zindabad' ? No, no. Do not get excited. Please sit down.

श्री आरिफ मोहम्मद खां : हर डंडे की चोट पर हिन्दुस्तान जिन्दाबाद कहते-कहते उसने अपनी जान दे दी। वहां पहुंच कर, उन परिवारों की विपदाओं को सुन-कर पहली बार यह समझ में आया कि काश्मीर में लड़ाई राजनीतिक दलों के बीच में नहीं है। काश्मीर में इस वक्त लड़ाई है वहां की सरकार और उन राष्ट्र विरोधी तत्वों की जिनको कि वहां की सरकार संरक्षण दे रही है और उन लोगों के बीच में जो राष्ट्रीय हैं और काश्मीर को हिन्दुस्तान का अंग मानते हैं। वे यह मानते हैं कि काश्मीर और हिन्दुस्तान का मुस्तकबिल भविष्य एक है। सन् 1965 का जिबराल्टर ऑपरेशन नाकाम हुआ था क्योंकि उस वक्त काश्मीर में पाक समर्थकों की तादाद कम थी। वे कमजोर थे, उनको प्रभावहीन बनाकर रखा गया था। आज उनका इतना प्रभाव है कि मकबूल बट्ट को फांसी दिए जाने के बाद मौलवी फारूक और उनके सहयोगियों के आह्वान पर पूरी वैली न सिर्फ बन्द रही बल्कि अखबारी रिपोर्टों के मुताबिक 12 आदमी घायल हुए।... **(व्यवधान)** मैं वह अखबार अभी दिखा देता हूं जिसने हमारे ज्ञापन देने पर राष्ट्रपति जी और प्रधान मन्त्री जी से मांग की थी कि इन दोनों जूनियर मिनिस्टरों को अपनी कैबीनेट से बाहर निकाल दीजिए। क्योंकि, इन्होंने काश्मीर के खिलाफ ज्ञापन दिया है। उस अखबार की कटिंग मेरे पास है। मैं एक बात और बताना चाहता हूं। काश्मीर के माननीय मुख्य मंत्री जी एक होटल का उद्घाटन करते हैं और केन्द्रीय सरकार से मांग करते हैं कि अगर काश्मीर का विकास होना है तो केन्द्रीय सरकार को ज्यादा आर्थिक सहायता काश्मीर को देनी पड़ेगी। आगे कहते है, मरकजी वजीरे खजाना ने इस सिलसिले में माली इमदाद देने और दुश्वारियों को दूर करने का यकीन दिलाया है। अगर इस सिलसिले में मरकज की तरफ से किसी किस्म की

[श्री आरिफ मोहम्मद खां]

रुकावट पैदा की गई तो मैं अरब मुमालिक से बिला वास्ता सरमाया हासिल करूंगा। यह अखबार दिल्ली से छपने वाला कोई अखबार नहीं है बल्कि इनकी पार्टी का आफिशियल आरगन "नवाए-सुबहो" है जिसने यह रिपोर्टिंग की है। आप यह न समझिए कि इन सुर्खियों को देखकर कोई घबराहट है। लेकिन इसके पीछे जो मानसिकता काम कर रही है, उसकी तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। मुझे मालूम है अखबार वालों से बात करते वक्त माननीय मुख्य मंत्री जी पर्यटन को विकास देने की बात कर रहे थे और यह कह रहे थे कि काश्मीर को पर्यटन में अन्तर्राष्ट्रीय नक्शे पर आना चाहिए। आपके अखबार ने हैडिंग क्या लगाई "मैं काश्मीर को बैनुल अक्वामी नक्शे पर लाकर ही दम लूंगा"। मेरा आरोप भी यही है कि काश्मीर के गांव में पहुंचकर एक बात करते हैं और श्रीनगर पहुँचकर दूसरी बात करते हैं। श्री नगर में आप कहेंगे कि दिल्ली की कांग्रेस सरकार जम्मू-काश्मीर के मुस्लिम करेक्टर को बदलना चाहती है, इसलिए मुसलमानों को एक हो जाना चाहिए। मौलवी फारूक के साथ हाथ मिलायेंगे और श्री नगर पहुँचकर आप थोड़े से सेक्युलर हो जाएंगे। दिल्ली पहुँचकर आप विरोधी हो जायेंगे। वहां पर पता चलेगा कि पूरे राष्ट्र का बीड़ा आपने इस वक्त उठाया हुआ है। मैं माननीय मुख्य मंत्री जी को छोड़ देता हूं। मैं आपके अखवार पर आरोप लगा रहा हूं कि आप इस किस्म की प्रोवोकेटिव हैंड-लाइन्स लगा रहे हैं— "मैं काश्मीर को बैनुल अक्वामी नक्शे पर लाकर ही दम लूंगा।" मैं अखबार पर लारोप लगाता हूं आप पर नहीं। आपने क्या किया? आपने अखबार को ठीक करने के लिए क्या किया? यहीं नहीं वह रुके। दूसरा अखबार निकलता है आइना। उस में मुख्य मंत्री ने जो कहा वह भी छपा है। उन्होंने कहा कि अगर हिन्दू फिरका परस्तों ने अपना रवैया नहीं बदला तो हम घर बदलेंगे। फारूख अबदुल्ला यूनिवर्सिटी केम्पस में अल्लामा इकबाल से मुताल्लिक सैमिनार में बोल रहे थे जब उन्होंने यह कहा। हिन्दू फिरकापरस्तों ने अपना रवैया नहीं बदला तो हम अपना घर (मुल्क) बदलेंगे। भारत के संविधान को वह सलाम करते हैं, हम आपको सलाम करते हैं। लेकिन भारत के संविधान को सलाम करने का क्या यही तरीका हैं कि रोज धमकिया दें, रोज इस तरह की बातें कहें। मैं मानता हूं कि फारूख अब्दुल्ला पढ़े लिखे आदमी हैं। वह खुद नहीं जानते होंगे तो भी निश्चित रूप से उनकी सरकार के अधिकारी उन्हें बताने के लिए जरूर मौजूद होंगे कि भारत का कोई भी राज्य किसी भी विदेशी मुल्क से सीधे आर्थिक सहायता नहीं मांग सकता है। लेकिन उन्होंने तो खास तौर पर अरबों की बात कह डाली। अरबों से हमारे ताल्लुकात खराब नहीं हैं। दुनिया में अगर किसी मुल्क को वे अपना हमदर्द समझते हैं, किसी मुल्क के ऊपर विश्वास करते हैं, किसी मुल्क के ऊपर यकीन करते हैं तो हिन्दुस्तान के ऊपर ही करते हैं। पैलेस्टाइन लिब्रेशन आर्गेनाइजेशन के चीफ यासर अराफत जब सुप्रीम कोर्ट में पहुंचते हैं दिल्ली में तो कहते हैं कि हिन्दुस्तान में मेरी एक बहन भी रहती है लेकिन शिष्टाचार के नाते प्रोटोकोल के नाते मुझे उसे हर एक्सालेंसी मैडम प्राइम मिनिस्टर कहना पड़ता है। श्रीमती इन्दरा गांधी मेरी

बड़ी बहन है। यह अरबों की भारत के बारे में राय है। उसके बावजूद जब ऐसे विवादास्पद मामलों में अरबों का नाम लिया जाए तो मुझे लगता है कि कहीं न कहीं कुछ बात जरूर है। मुझे कोई अधिकार नहीं है कि किसी की नीयत के बारे में कुछ कहूं, उस पर शुब्हा करूं। लेकिन मुझे अपनी राय बनाने का जरूर अधिकार है, जरूर यह सोचूं कि ये प्रयास किस दिशा में किए जा रहे हैं।

मौलवी फारूख ने आह्वान किया —मैं नहीं कहता, सारे अखबार इसके गवाह हैं और हर कोई जानता है—ठीक उसी समय जिस समय और जिस दिन पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने आह्वान किया था, काश्मीर में भी बन्द का आह्वान किया। खुद अभी माननीय काबुली साहब ने कुछ प्रश्न उठाए हैं। कितने गम्भीर प्रश्न हैं इसको आप देखें। उन्होंने अपील की, भारत को महान देश कहा और कहा और कि सात सालतक जो आदमी जेल में पड़ा हुआ था उस मकबूल भट्ट को फांसी पर चढ़ा दिया गया। अब हमें दुनिया को बतलाना पड़ेगा कि क्या हमने ऐसा करके सही काम किया। ये आपके खुद के उठाए हुए प्रश्न हैं। इन प्रश्नों से आपकी मानसिकता का पता चलता है। इतना ही नहीं। उस के भी आगे बढ़ कर आपने कहा कि मकबूल भट्ट मामूली आदमी था। यकीनन मामूली आदमी रहा होगा तभी तो 1974 में डा. फारूख अब्दुल्ला ने उनको ओथ दिलाई, हलफ दिलाया। वह कह रहे थे कि कई साल उनको जेल में रखकर आपने उनको एक बड़ा आदमी, हीरो बना दिया है। गोया आपका कहना यह है कि फांसी की बात तो बहुत आगे की बात है उसे अगर बड़ा आदमी बनने से रोकना था तो उसको जेल में भी नहीं रखना चाहिये था और उसको इजाजत होनी चाहिये थी कि वह वैली में चाहे जिस बैंक पर डाका डाले, चाहे किसी अधिकारी को गोली मार दे, चाहे देश की सुरक्षा के लिए खतरे पैदा कर दे जासूसी के काम करके और हिन्दुस्तान के खिलाफ काम करे। गोया हमें उसको जेल में भी बन्द नहीं करना चाहिये था। मैं इस पर कोई टिप्पणी करना नहीं चाहता। जो लोग सुनेंगे, जो इन तकरीरों को पढ़ेंगे वे अपनी राय खुद ही बना लेंगे।

मैं पहली वाली बात की तरफ लौट कर फिर आना चाहता हूं। यह अखबार है। इसका नाम है कायद। यह अखबार जम्मू काश्मीर लिब्रेशन फ्रंट का आफिशल आरगन तो नहीं है लेकिन मेरे खयाल से विदेश राज्य मंत्री बैठे हुए हैं वे शायद इसका समर्थन कर दें कि राजनयिक हलकों में इस अखबार को उनका आफिशल आरगन माना जाता है, उस संस्था का जो संस्था काश्मीर को उनके वकील आजाद कराना चाहती है, जो काश्मीर को हिन्दुस्तान से अलग कराना चाहती है। मरहूम शेख अब्दुल्ला साहब के इन्तकाल के वक्त इसके एडीटर श्रीनगर आए। और लौट कर जाकर जो उन्होंने आर्टिकल लिखा है जो इसमें छपा है वह पढ़ने से ताल्लुक रखता है, और जो मश्विरे दिये हैं अपने आर्टिकल में जरा देखिये जम्मू-कश्मीर सरकार ने कितनी आज्ञाकारी भावना से उस पर अमल किया है।

यह "कायद" अखबार लिखता है :

"अब अगर मीर वायज मोहम्मद फारूक और डा० फारूक अब्दुल्ला आपस

[श्री आरिफ मुहम्मद खां]

में सियासी समझौता करने में कामयाब हो जाते हैं और उसी तरह सूबाए जम्मू में किसी मोअस्सर जमात का ताव्वून हासिल किया जा सकता है तो किसी हद तक कश्मीर के सियासी इक्तसादी हालात पर काबू पाया जा सकता है।"

यह मश्विरा वकील काबुली साहब और इनकी पार्टी के डा० फारूक अब्दुल्ला कहते हैं, उन्होंने अपने इंटरव्यू में भी कहा है कि मैंने इसलिये मौलवी फारूक के साथ समझौता किया ताकि कश्मीर के मुसलमानों का जो झगड़ा पिछले 53 साल से चला आ रहा है उसको खत्म किया जा सके। जरा गौर कीजिए कितनी खतरनाक थ्योरी है। इसका मतलब हुआ वैली के अन्दर रहने वाले बहुसंख्यक इस आधार पर कि 53 साल से झगड़ा चला आ रहा है उस आधार पर उन लोगों को भी अपने साथ ले लें जिनके साथ हमारा सिद्धान्त, आदर्श मेल नहीं खाते, जिनके साथ हमारी नीतियां मेल नहीं खातीं। जरा उसी थ्योरी को आगे बढ़ाइये। अगर आज हिन्दुस्तान में सेक्यूलरिज्म की बात करने वाले, हिन्दुस्तान में फिरकापरस्तों से लड़ाई लड़ने वाले आज अगर खड़े हो कर कह दें कि हिन्दुस्तान में यहां का बहुसंख्यक वर्ग एक जमाने से बिखरा हुआ है इसलिये हम आर०एस०एस० से समझौता कर रहे हैं, तब तो फिर नीति, सिद्धान्त और आदर्श कुछ बचेगा नहीं। समझौता तो सिद्धान्तों के आधार पर होता है, समझौता किसी दूसरे आधार पर नहीं हो सकता, आखिर शेख साहब मरहूम, यह कहा जाता है कि हजारों साल कश्मीर में ऐसी शख्सियत पैदा हुई, अगर कश्मीर के मुसलमानों को जरूरत होती तो उस जरूरत को शेख अब्दुल्ला भी महसूस कर सकते थे। लेकिन शेख साहब ने उस जरूरत को महसूस करने की बात नहीं की। दिल्ली से उनकी नाराजगी हो सकती है, लेकिन उन्होंने राष्ट्र विरोधी और पाकिस्तानी समर्थक जो तत्व कश्मीर में थे उनके साथ उन्होंने समझौता नहीं किया। शेख साहब को इस बात के लिये पूरा श्रेय देना पड़ेगा और हमें अपनी श्रद्धान्जलि उनके प्रति अर्पित करनी चाहिये, कि शेख अब्दुल्ला ने उनके साथ कभी समझौता नहीं किया। उन्हें कमजोर करके रखा, शेख साहब ने उन्हें ताकत ही नहीं मिलने दी। आज उन्हीं को वहां सम्मान है।

एक और बात है, कश्मीर क्रिकेट मैच का मामला। उस पर मैं विस्तार में नहीं जाना चाहता, हर आदमी जानता है किस तरह वहां पाकिस्तानी झंडे लहराये गये, राष्ट्र विरोधी नारे लगाये गये, मुख्य मंत्री की मौजूदगी में यह सब हुआ, लेकिन कितने अफसोस की बात है कि कश्मीर सरकार की तरफ से निन्दा का, आलोचना का एक शब्द भी उस समय तक नहीं आया जब तक केन्द्र सरकार ने कश्मीर सरकार को इस बारे में लिखकर उनसे यह नहीं कहा कि इस पर आप कार्यवाही कीजिए। उसके बाद उनको खयाल आया। तब कार्यवाही की उन्होंने।

उसी संदर्भ में जब यह गिरफ्तारियां होनी शुरू हुई उसके बाद कश्मीर जमाते इस्लामी के चीफ ने श्रीनगर में एक जनसभा को संबोधित किया और वहां यह कहा कि क्रिकेट मैच में जो कुछ भी हुआ यह केवल प्रतिविम्ब है कश्मीरियों की उस भावना का जो हिन्दुस्तान के प्रति है क्योंकि कश्मीरी कश्मीर को भारत का

भाग नहीं मानते, इसलिऐ उस भावना का यह प्रतिबिम्ब था। मैंने वहां जाने के बाद, बात करने के बाद, पता लगने के बाद अखबार से बात हुई, इस बात को कहा और अपने ज्ञापन में भी कहा हमने यह आरोप लगाया कि कश्मीर जमाते इस्लामी के चीफ कश्मीर के मुख्य मंत्री से मिले, सेक्रेटेरियट में उनके दफ्तर में मिले और उसके बाद अगले दिन उन्होंने जन सभा की जहां पर उन्होंने इस घटना को कश्मीरियों की उस भावना का प्रतिबिम्ब बताया जहां वह कश्मीर को भारत का अंग नहीं मानते हैं। माननीय मुख्य मंत्री जी से जब यह प्रश्न किया गया तो उन्होंने कहा कि—This too, our meeting referred to, is totally incorrect. And Arif Mohammad Khan should know that Gilani comes from Sopur, which is the fruit centre of Jammu and Kashmir. He had come to see me in regard to the fruit merchants, who were suffering for want of more transport for carrying from their fruit their areas to other parts of India.

आज पहली बार यह बात पता चली कि काश्मीर जमायते इस्लामी के चीफ को फलों की खरीदो-फरोख्त में भी दिलचस्पी है और उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री जी से मिलने का ही काम नहीं किया बल्कि यह कहा कि वह फलों की खरीदो-फरोख्त करने के बारे में बातचीत करने के लिए आये थे। मालूम होता है कि वह किसी जमायते इस्लामी के चीफ न हों बल्कि किसी फल की मंडी के अध्यक्ष हों। वह वहां दो घंटे रहे।

माननीय मुख्यमंत्री से फलों की खरीदो-फरोख्त की बातचीत करने के बाद अगले दिन वह काश्मीर की खरीदा-फरोख्त करने लगे और अपनी एक जन-सभा में उन्होंने काश्मीर के भारत के अंग होने पर ही प्रश्न उठा दिया।

मेरा सवाल वह नहीं है, मान लिया कि वह आपसे फलों की खरीदो-फरोख्त की बातचीत करने के लिये आये। मेरा प्रश्न यह है कि वह आदमी जो आपसे एक दिन पहले आपके दफ्तर में मिला था, अगले दिन काश्मीर की राजधानी श्रीनगर में जन-सभा करता है और काश्मीर के भारत का अंग होने पर प्रश्न उठाता है, आज तक उसके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई? उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसा एक मामला नहीं है।

SHRI ABDUL RASHID KABULI : He is in jail.

श्री आरिफ मौहम्मद खां : यह बता रहे हैं कि वह जेल में है, यह मुझे भी मालूम है।

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : He is not yielding please.

(*Interruptions*)**

MR. DEPUTY-SPEAKER : What is this ? Please don't record whatever he says. He does not do it with my permission. What is this ? Everything you are opposing. There is no toleration.

(*Interruptions*)**

श्री आरिफ मौहम्मद खां : मैं ईल्ड नहीं कर रहा हूं। बिल्कुल सही आप कह रहे हैं, वह जेल में होंगे। आप कहते हैं तो मैं मान लेता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Why should you oppose everything. His

**Not recorded

[श्री आरिफ मुहम्मद खां]

speech will come. And if anybody contradicts, let them contradict.

(*Interruptions*)**

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please don't do it. After all what you spoke is also on Presidential Address.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Please don't become emotional. On every point of view everybody can express his views. This Parliament will allow unless it is unparliamentary.

श्री आरिफ मौहम्मद खां : उनकी तरफ से वकालत करने की जिम्मेदारी आजकल काबुली साहब और उनके मुख्य-मंत्री ने ली हुई है ।

श्री आरिफ मौहम्मद खां : श्रीमन, काबुली साहब इस बात का श्रेय ले रहे हैं कि जम्मू-काश्मीर असेम्बली में आपने उनका कोई सदस्य पहुंचने नहीं दिया । मेरे ख्याल से आपने उन्हें समझा दिया कि अब उनकी जरूरत नहीं है, उस काम को आप अच्छी तरह से कर लेंगे । वह अब अपनी जरूरत नहीं समझते, उस काम को आप सदन के अन्दर बेहतर तरीके से कर रहे हैं ।

MR. DEPUTY-SPEAKER : Mr. Khan don't mention his name. Very often he gets up.

श्री आरिफ मौहम्मद खां : सदन के बाहर क्या हाल है ? सदन के बाहर यह हाल है कि फरवरी के महीने में, पहले हफ्ते में सौपुर और बारामूला में पोस्टर छपकर आते हैं, जिसमें वैली में रहने वाले अल्पसंख्यकों को कहा जाता है कि 15 दिन के अन्दर वादी छोड़ दीजिये, अगर वादी नहीं छोड़ी तो फिर मौत का सामना कीजिये ।

यह कहां कहा जाता है ? उसी कालेज में कहा जाता है जिस कालेज में पिछली 14 अगस्त को पाकिस्तान का स्वतंत्रता दिवस मनाया गया, जहां पर पाकिस्तान का झंडा लहराया गया । यह कब किया गया ? जैसा मैंने अर्ज किया कि समझौता यह है कि हम असेम्बली में देखेंगे, तुम असेम्बली के बाहर देखो । मैं किसी खास व्यक्ति पर आरोप नहीं लगा रहा हूं, लेकिन अगर आप पूरी बात पर नजर डालें तो कार्यवाही तभी हुई जब प्राइम मिनिस्टर asked the Governor, and the CM to curb secessionst activities in Jammu and Kashmir, कार्यवाही तब हुई जब सेठी वान्टस स्टर्न ऐक्सन इन काश्मीर । आपने उस वक्त तक कोई कार्यवाही नहीं की । आप तो कार्यवाही करने के बाद भी आज भी यहां आकर यह कह रहे हैं कि हमने मकबूल बट्ट को सात साल जेल में रख कर बड़ा आदमी बना दिया और हमने फांसी से लगाया, यह शायद हमारी महानता के सिद्धांत से मेल नहीं खाता है ।

यह सब देखकर मुझे बड़ा ताज्जुब होता है, बाजे वक्त बड़ा रहम आता है इन बेचारे विपक्षी दलों पर । काश्मीर असेम्बली और जम्मू-काश्मीर राज्य की हालत यह है कि वहां की जनता ने जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी लोकदल या और किसी भी पार्टी को इस लायक भी नहीं समझा कि इनके एक सदस्य को काश्मीर असेम्बली के अन्दर सदस्य बनाकर भेज देती । इन्हें यह नहीं मालूम है कि वहां पर किस किस्म की गतिविधियां जारी हैं । इन्हें यह नहीं मालूम है कि राष्ट्र विरोधी तत्वों को किस तरह वहां संरक्षण दिया जा

**Not recorded

रहा है। इन्हें यह नहीं मालूम है कि वहां क्या क्या कुकर्म हो रहे हैं। दिल्ली, कलकत्ता, हैदराबाद या बम्बई में बैठकर रोजाना फतवे जारी कर देते हैं। किसी दिन वहां जाकर नहीं देखा उनकी मुसीबत को जिनको रोजना धमकियां दी जाती हैं कि हिन्दुस्तान जिन्दाबाद कहोगे तो तुम्हारे घरों को आग लगा देंगे, हिन्दुस्तान जिन्दाबाद कहोगे तो तुम्हारी इज्जत लूट ली जायेगी। किसी ने वहां जाकर इस बात को नहीं देखा। यहां बैठकर फतवे दे देते हैं। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कह दिया कि अगर कांग्रेस (आई) ने अपना हिंसक आन्दोलन बन्द नहीं किया तो हम कांग्रेस शासित राज्यों में आन्दोलन चलाएंगे। माननीय जनता पार्टी के अध्यक्ष ने भी इसी प्रकार का वक्तव्य दिया सबने मिलकर ऐसी बात कही। लेकिन किसी ने मौके पर जाकर इन्क्वायरी नहीं की। मुझे देखकर बड़ा ताज्जुब हुआ, लेकिन इधर पिछले पन्द्रह, बीस दिन या एक महीने की घटनाओं के बाद खैरियत है कि उन्होंने शायद कुछ स्थिति को समझने की कोशिश की और अब उस प्रकार का वक्तव्य सामने से नहीं गुजर रहा है। लेकिन यहां सदन के अन्दर मैंने यह देखा कि कई दफा ऐसी बात कहते वक्त उस तरफ से आरोप यह लगता है कि जैसे हमारी दिलचस्पी सिर्फ इस बात में है कि वहां की सरकार को हम खत्म करें। हमारी दिलचस्पी इस बात में नहीं है। अगर इस बात में दिलचस्पी होती तो काश्मीर के अन्दर कांग्रेस का शासन था, श्रीमती इंदिरा गांधी ने 1975 में यह फैसला न किया होता कि सारे सदस्य कांग्रेस के सदन के अन्दर थे, लेकिन सरकार नेशनल कान्फरेंस के हवाले न की होती। हमें चिन्ता सरकार की नहीं है, हमें चिन्ता इस बात की है कि वहां पर राष्ट्र विरोधी कार्य हो रहे हैं, हमें चिन्ता इस बात की है कि वह लोग जो काश्मीर को भारत का अंग नहीं मानते वह ताकत पा रहे हैं। हमें चिन्ता इस बात की है कि अगर कल कोई अन्तर्राष्ट्रीय साजिस होती है, हम उन हमलों के जिनके हम पहले शिकार होते रहे हैं, अगर ऐसे किसी हमले के शिकार होते हैं तो आज उन लोगों को जिनके पास पहले कोई ताकत नहीं थी श्रीनगर में, उनके पास आज ताकत भी आ रही है और आज शायद वहां की सरकार भी इस लायक नहीं रह जायेगी —अभी कह रहे थे कि काबुली साहब कि शेख साहब ने अल फतेह को माफ कर दिया। माफ करना बहुत अच्छी पालिसी है, कोई बुराई नहीं है। हम तो गांधी जी के सिद्धांत को मानने वाले हैं। माफ करने के सिद्धांत का हम विरोध नहीं करते। लेकिन माफ करने का मतलब यह नहीं होता है कि जिन लोगों ने राष्ट्र-विरोधी कार्य किए हैं, जो ऐंटी नेशनल लोगों की लिस्टें हैं उनमें आग लगा दीजिए और कोई रेकार्ड ही नहीं रह जाय ताकि कल को अगर कोई संकट का सामना हो और कल अगर जरूरत पड़े देखने की कि उसको अन्दर से कोई मदद तो नहीं कर रहा है तो आज यह हालत है काश्मीर शासन की कि उसके पास ऐसे किसी आदमी का कोई नाम नहीं है। उन्हें न सिर्फ माफ किया है बल्कि उनकी लिस्टों में भी आग लगा दी है जिनका पूरा चरित्र भारत-विरोधी रहा है, राष्ट्र-विरोधी रहा है। यही बात नहीं है। इससे आगे बढ़कर बात है। आप जरूर माफ कीजिए अल फतेह के आदमियों को जिसने चार

[श्री आरिफ मुहम्मद खां]

कत्ल किए हों, उनको जरूर माफ कीजिए, मुझे कोई एतराज नहीं है। लेकिन चार कत्ल करने वाले को पुलिस में इंसपेक्टर भर्ती मत कीजिए इसलिए कि जब आप उसको पुलिस में इंसपेक्टर भर्ती करते हैं और सोनावारी में जब उसकी पोस्टिंग करेंगे तो वह मौहम्मद यूसुफ के घर को आग लगाएगा, उसकी सम्पत्ति को आग लगाएगा, उसकी बेटी की इज्जत लूटने को कोशिश करेगा और यह कहेगा कि यह मैं इसलिए कर रहा हूं क्योंकि तेरे बाप ने हिन्दुस्तान जिन्दाबाद का नारा लगाया है। आप जरूर माफ कीजिए लेकिन इस तरह माफ मत कीजिऐ...

संसदीय कार्य, खेल तथा निर्माण और आवास मंत्री (श्री बूटा सिंह) : माफ भी किया और साफ भी कर दिया।

श्री आरिफ मौहम्मद खां : अकेले माफ नहीं किया, उसकी सारी लिस्टों को गायब कर दिया।

मैं आपके माध्यम से विरोध पक्ष के सम्मानित सदस्यों से कहूंगा कि जरा जानकारी तो करायें क्या इस वक्त जम्मू-कश्मीर राज्य में कोई भी ऐसा कलक्टर है जो अखिल भारतीय सेवाओं से गया हो ? एक नायब तहसीलदार की लेबिल पर जिनकी भर्ती हुई थी उनको एक साथ चार-चार प्रमोशन देकर सारे जिलों में जिला मजिस्ट्रेट बना दिया गया।

श्री छांगुर राम (लालगंज) : इससे पहले आपने इन बातों को नहीं सोचा कि कोई आई० ए० एस० अधिकारी गया या नहीं ? जब तक कि आपके और उनके सम्बन्ध अच्छे थे तब तक आपने नहीं सोचा।

डा० राजेन्द्र कुमारी वाजपेयी (सीतापुर) : पहले यह नहीं होता था, अब होने लगा है।

श्री अब्दुल रशीद काबुली : आप जम्मू-कश्मीर में एक डेलिगेशन भेजवा दीजिए. ताकि पूरे देश और दुनिया को जानकारी हो सके वाकयात क्या हैं। (**व्यवधान**)

شری عبدالرشید کابلی

آپ جموں کشمیر میں ایک ڈیلی گیشن بھجوا دیجئے۔ تاکہ پورے دیش اور دنیا کو جانکاری ہو سکے کہ واقعات کیا ہیں۔ (انٹرپشنز)

श्री आरिफ मौहम्मद खां : अगर माननीय सदस्य ने गौर से सुना होता तो मैंने कोई आरोप नहीं लगाया है। मैंने आपके माध्यम से विरोध पक्ष के माननीय नेताओं से अनुरोध किया है कि कृपया जांच करा ली जाए, हम आपको ही जांच मान लेंगे, आया कश्मीर के किसी भी जिले में कोई जिला अधिकारी आई० ए० एस० आफिसर है क्या ? कोई भी नहीं है। (**व्यवधान**) इस वक्त की स्थिति यह है कि कश्मीर में पुलिस और प्रशासन में वही, जिनकी बात काबुली साहब ने की है, माफ किए हुए लोग हैं, वही जिनकी लिस्टों को जला दिया गया है। उनको कहीं पुलिस में किसी स्तर पर भर्ती देकर प्रशासन में किसी स्तर पर भर्ती देकर इतना शानदार काम कर दिया है उन्होंने कि एक साल में चार-चार प्रमोशन दे दिए जाते हैं। एक आदमी आज से दस साल पहले जो इंस्पेक्टर रहा होगा वह

अब डी०आई०जी० और शायद एडीशनल आइ०जी० बन गया है। मेरे ख्याल से और भी स्तरों पर आप यही बात देख सकते हैं कि डायरेक्टली रेक्रूटेड आई०ए०एस० और आई०पी०एस० अधिकारी फील्ड में कितने हैं, प्रशासन में कितने हैं और सचिवालय में कितने बैठे हैं ? आप इसकी जांच करा लें। आखिर, इसके पीछे क्या मकसद है ? क्या वह अधिकारी जो अखिल भारतीय परीक्षायें पास करके आए हैं और जिन्होंने देश के दूसरे हिस्सों में शानदार काम किए हैं, कश्मीर में पहुँच कर इस लायक नहीं रह गए कि उनको जिला अधिकारी बनाया जाए या जिले में पुलिस को चार्ज सौंपा जाए ? अगर कश्मीर में जायेंगे तो वे सचिवालय में बैठेंगे—इसके पीछे मकसद क्या है ? मेरा तो निश्चित मत है बल्कि निश्चित जानकारी है कि तमाम उन लोगों को, जिनको माफ कर देने की बात माननीय सदस्य ने कही है, भर्ती कर लिया गया है और जिम्मेदार ओहदों पर उनको बिठा दिया गया है। माफ कीजिए, खुदा न खास्ता कल कोई ऐसी स्थिति आ जाती है, कोई विदेशी आक्रमण हो जाता है हालांकि हमारे रशीद मसूद साहब और जार्ज फर्नांडीज जी कहते हैं कि हम ऐसा वातावरण बना रहे हैं लेकिन इतिहास बताता है कि हमारे पड़ोसी देश को मिलने वाली छोटी-मोटी बन्दूक की नली हमारे अलावा किसी और की तरफ कभी नहीं उठी है जबकि आज तो उन्हें जो भी आधुनिक हथियार दुनिया में हो सकते हैं दिए जा रहे हैं। बाजे वक्त बड़ा अचम्भा होता है कि कैसी परिस्थितियां हैं। आज खान अब्दुल गफ्फार खां पर पाकिस्तान में हुए अत्याचार के विरुद्ध अगर श्रीमती इन्दिरा गांधी थोड़ा सा एतराज करें या अपनी भावनाओं को बतायें तो एतराज कहां से आता है ? एतराज आता है कि पाकिस्तान में चल रहे आन्दोलन के प्रति समर्थन देकर श्रीमती गांधी ने अच्छा काम नहीं किया है, यह पाकिस्तान के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप है—यह कहते हैं अटल बिहारी वाजपेयी जी और चौधरी चरण सिंह जी। बाजे वक्त हम समझने में नाकाम हैं। कल तक आप बात करते थे अखण्ड भारत की। अखण्ड भारत का मतलब क्या था ? उसका मतलब था 1947 में हुए विभाजन को हम स्वीकार नहीं करते। मैं समझता हूं आपके अखण्ड भारत का यही मतलब था। और आज आपके दिल में इतना प्यार समाया है कि आज अगर खान अब्दुल गफ्फार खां, जो हमारे भी स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी रहे हैं, उनके ऊपर किए गए अत्याचार के खिलाफ आपत्ति की जाती है कि उस पर भी आपको एतराज है, उसको आप पाकिस्तान के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप बता रहे हैं।

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur) : Let there be no misunderstanding that as far as Khan Adul Gaffar Khan is concerned, whenever there was attack on his liberty, we in the Opposition have always got up in the House and insisted that the House express sympathy for Khan Abdul Gaffar Khan. I am on record every time.

MR. DEPUTY SPEAKER : He is only saying what Pakistan was saying.

THE PRIME MINISTER (SHRIMATI INDIRA GANDHI) : Certain people in the Opposition have said this and this has been printed in newspapers also. Nobody has contradicted the news.

श्री आरिफ मौहम्मद खां : मेरा कहना यह है कि यह सारी घटनायें ऐसी हैं और मेरा निश्चित मत है कि हम असाधारण परिस्थितियों से गुजर रहे हैं। हमारे सामने बाहरी खतरे भी हैं और अन्दर से भी ऐसी परिस्थितियां पैदा की जा रही हैं, जिससे हमारा आर्थिक बिकास प्रभावित हो जाए। हम इस लायक न रहें कि हम जो आज अन्तरराष्ट्रीय मामलों में नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं, उस भूमिका को न निभा सकें। अखण्ड भारत की बात करने वाले उनको संरक्षण दे रहे हैं, जो देश को खंडित करना चाहते हैं। समाजवाद की बात करने वाले उनको शक्ति दे रहे हैं, जो साम्राज्यवाद के पिट्ठू हैं। आज की परिस्थितियां निश्चित ही हमारे लिए असाधारण परिस्थितयां हैं। इन परिस्थितियों में मेरी निश्चित मान्यता है कि यह सरकार की जिम्मेदारी है देश की एकता और अखंडता को बचाकर रखना। अगर देश की एकता और अखंडता प्रभावित होती है तो सब कुछ प्रभावित हो जाएगा। हमारी स्वतन्त्रता प्रभावित हो जाएगी। जैसा मैंने शुरू में कहा। हमारी स्वतन्त्रता सार्थक तब है, जब हम अपने देश के गरीब और पिछड़े हुए लोगों के लिए, जिन्होंने हजारों सालों से खुशहाली नहीं देखी है, उनको खुशहाल करें। महात्मा गांधी के शब्दों में अन्तिम व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार न ला सकें, तब तक हमारी स्वतन्त्रता सार्थक नहीं है। अपनी उस स्वतन्त्रता को सार्थक बनाने के लिए हमें अपनी विकास और प्रगति की गति को तेज करना होगा। उसको तेज करने के लिए, उसको सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के खतरों को, चाहे वे बाहर से हों या अन्दर से उनको तेजी के साथ दबाना होगा, इसलिए कि हमें देश की एकता और अखंडता को बचाकर रखना है और उसकी जिम्मेदारी हमारी है, इस सरकार की है और हमारे देश की प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी की है।

अन्त में, मैं अपने शहर कानपुर, जहां कि मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, के एक स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी और कवि श्री देवी प्रसाद राही के शब्द आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी को समर्पित करना चाहता हूं :

आंख दिखाए रह-रह जुगनू,
गलियारे में पांव पसारे,
उस पर अफवाहों के झोंके,
पुरवा-पछुआ दोनों मारे,
है कोई पूछे जो इनसे
कितना अहम और खोदेंगे,
अमृत पाने के लालच में,
कितना जहर और बोयेंगे ?
माली जरा कड़ाई रखना,
मौसम लगता है आवारा
मेरे देश जागते रहना
अलख जगाता है बंजारा।

MR. DEPUTY SPEAKER : Shri Banarsi Das.

SHRI RATANSINH RAJDA : One minute, Sir.

MR. DEPUTY SPEAKER : Is your name "Banarsi Das" ?

I have called Shri Banarsi Das.

SHRI RATANSINH RAJDA (Bombay South) : Mr. Kabuli has made an offer that let there be a parliamentary delegation. Let the Government accept it.

MR. DEPUTY SPEAKER : It is for him. Shri Banarsi Das.

SHRI ABDUL RASHID KABULI: I should be allowed time...

MR. DEPUTY SPEAKER : I am not going to permit you.

I have already called Shri Banarsi Das.

श्री बनारसी दास (बुलन्दशहर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, आज इस सदन में बोलने के लिए यह मेरा पहला अवसर है, यदि किसी को मेरी वाणी उनके कानों को अप्रिय लगे, तो मैं क्षमा चाहता हूं, क्योंकि यह आपके द्वारा लगाई गई इमरजेंसी की यह देन है कि मेरा गला खराब हो गया है।

श्रीमन्, मेरे पूर्व वक्ता श्री आरिफ साहब ने भाषण को काश्मीर तक सीमित कर दिया। काश्मीर हमारे देश का एक बड़ा महत्वपूर्ण अंग है। काश्मीर की समस्या को सुलझाने के लिए बड़ी दूरदर्शिता, विवेक, सहानुभूति और सहिष्णुता की आवश्यकता है। हमारे महान नेता स्व० पंडित जवाहरलाल नेहरु ने उसी दूरदर्शिता के साथ काश्मीर को एक स्पेशल स्टेट्स दिया और हमारी प्रधान मंत्री, श्रीमती इंदिरा गांधी ने उसी भावना को सामने रखकर के शेख अब्दुल्ला को एक मर्तबा फिर से शासन की जिम्मेदारी दी थी।

प्रधानमंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) : पंडित जी ने नहीं दिया था।

श्री बनारसी दास : आपने दिया था।

श्रीमती इन्दिरा गांधी : पंडित जी के वक्त में तो इन्हीं कारणों की वजह से वे गिरफ्तार किये गये थे।

श्री बनारसी दास : लेकिन आपने फिर उसमें सुधार किया।

श्रीमन्, आप जानते हैं—स्थान बदलने से भाषा बदल जाती है, ये वही फारूख अब्दुल्ला थे, जिनको श्रीमती इन्दिरा गांधी की सौजन्यता और सहयोग से शेख अब्दुल्ला का उत्तराधिकारी बनाया गया, दिल्ली में मैट्रोपोलिटन कान्सिल और नगर-महापालिका के चुनाव के वक्त यही डाक्टर फारूख अब्दुल्ला कांग्रेस (आई) के एक खास स्पोक्समैन थे, तब वह देशभक्त थे, लेकिन अब जब वहां की जनता ने अपना मेन्डेट दिया तो इतना सब्र नहीं हुआ कि कम से कम एक साल तक या दो साल तक उनको काम करने का अवसर दिया जाता। उपाध्यक्ष महोदय, कश्मीर के मसले पर आवश्यकता है कि एक व्हाइट-पेपर पेश किया जाय, यह मसला ऐसा नहीं है जिसको एक पार्टी का मसला बनाया जाय क्योंकि हमारे कांस्टीट्यूशन में उस प्रदेश के लिये एक स्पेशल प्रोवीजन है। वहां की जनता का जिस तरह का कम्पोजीशन है उसको देखते हुए उनकी भावनाओं को भी साथ रखना पड़ेगा। इसमें आवश्यकता है—एक नेशनल कन्सेन्सस की। अब मैं इस प्रश्न पर इस माननीय सदन का ज्यादा समय नहीं लूंगा।

महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण महज एक कैटेलोग है—पिछले साल की उपलब्धियों का। उसमें बड़ा श्रेय लिया गया है कि 142 टन खाद्यान्न की उत्पत्ति हुई है.....

श्री कृष्ण प्रकाश तिवारी (इलाहाबाद) : 142 मिलियन टन।

श्री बनारसी दास : आप ने ठीक समझा है—मेरा मतलब है—142 मिलियन टन। यह ठीक है कि देश में इतना अनाज पैदा हुआ, लेकिन उसकी कीमत किसान को क्या चुकानी पड़ी ? उसके खून, उसकी मज्जा, उसकी हड्डियों पर देश की इकानमी को खड़ा करने का प्रयास किया जा रहा है। उसकी क्रय-शक्ति को आधा कर दिया गया है। चार साल पहले जब गेहूं का दाम 105 रुपये क्विंटल था, उस वक्त किसान को सीमेन्ट 19 रुपये क्विंटल मिल रहा था, वह उस मूल्य में पांच क्विंटल सीमेंन्ट खरीद सकता था, लेकिन आज क्या स्थिति है—151 रुपये का भाव देकर भी किसान केवल 2 क्विंटल खरीद सकता है। उसकी क्रय-शक्ति 5 बोरी सीमेन्ट से घटकर 2 बोरी रह गई है। आज से चार साल पहले लोहे का भाव, जिसकी किसान को जरूरत पड़ती है, 2 हजार रुपये टन था, उस वक्त दो क्विंटल गेहूं बेचकर किसान 1 क्विंटल लोहा खरीद सकता था लेकिन आज लोहे का भाव-साढ़े पांच हजार रुपये टन है, अब एक क्विंटल लोहा खरीदने के लिये उसको 4 क्विंटल गेहूं बेचना पड़ेगा। आज ट्रैक्टर का दाम 1 लाख रुपया हो गया है, वह फ्यूअल जो किसान इस्तेमाल करता है, मेरा तात्पर्य डीजल-आयल से है—उस वक्त उसका भाव 1 रुपये 15 पैसे था, लेकिन आज 3 रुपये 15 पैसे हो गया है।

फूड कारपोरेशन ने किसानों से 151 रुपये में गेहूं खरीदा, लेकिन वही कारपोरेशन हिन्दुस्तान के मिलर्स को 219 रुपये में दे रही है। क्या इससे बड़ा कोई प्राफिटीयरिंग हो सकता है ? फिर भी उस कारपोरेशन को घाटा है। हमारा व्यापारी जो गेहूं खरीदता है उसमें फिर भी दो परसेन्ट की वृद्धि होती है, लेकिन यहां पर डेप्रीसिएशन होता है। आज इस देश के अन्दर आधी से ज्यादा जनसंख्या गरीबी की रेखा के नीचे रहती है। किसान की क्रय शक्ति को घटाने का एक परिणाम यह हुआ है कि आज देश में पैराडाक्स पैदा हो गया है। एक तरफ़ इन्फलेशन है और दूसरी तरफ रिसेशन है। आज किसान की क्रय-शक्ति बिल्कुल खत्म हो गई है। यदि किसान की क्रय-शक्ति उसी अनुपात में होती जिस अनुपात में या जिस मात्रा में चीजों के दाम बढ़े हैं तो आज यह स्थिति पैदा न होती। यह इन्फलेशन सरकार की नीतियों का परिणाम है। जितनी भी आवश्यकता की चीजें हैं—सबके दाम बढ़े हैं, सीमेन्ट के दाम बढ़ गये, कोयले के दाम बढ़ गये और कपड़े के दाम भी बढ़े हैं। एक तरफ़ टैक्सटाइल मिलें सिक होती जा रही हैं और सरकार उनको लेती चली जाती है और उन टैक्स-टाइल मिलों के अधिग्रहण के बाद उनके मालिकों की तन्दरुस्ती में कोई अन्तर नहीं आया है, उनके रहन-सहन में कोई अन्तर नहीं आया है।

आज क्या हो रहा है। आज जितने भी पब्लिक सेक्टर के कारखाने हैं, उनमें स्टील सबसे बड़ा है और उसमें एक करोड़ रुपये रोजाना का घाटा हो रहा है। इस तरह से क्या हिन्दुस्तान की एकोनामी को रिहैबीलिटेट किया जा सकता है। आवश्यकता थोड़ा-बहुत टिंकरिंग की नहीं है बल्कि बुनियादी परिवर्तन लाने की आज जरूरत है। पिछले चार साल में सरकार कर्मचारियों को 14 इस्टालमेंट डियरनैस एलाऊंस के दिए हैं और चार के करीब अभी देने हैं। इस तरह से दो हजार करोड़ रुपए इसमें चले

गये। इसके अलावा आप यह देखें कि करन्ट इयर में लगभग 2 हजार करोड़ रुपये का घाटा है और मौजूदा जो वजट है, उसमें भी करीब पौने दो करोड़ रुपये का घाटा है। जब ऐसी स्थिति है, तो किस तरीके से आप इन्फ्लेशन को दूर करेंगे।

आज गरीबी की रेखा से नीचे 35 करोड़ आदमी रहते हैं। उनकी क्रय शक्ति उनके हाथ के अन्दर आय किस तरीके से देंगे। हिन्दुस्तान की राजधानी दिल्ली में आप देखें कि गगनचुम्बी अट्टालिकाएं हैं और उनके आसपास ही झुग्गी झोपड़ियां हैं, जहां पर गन्दगी है, जहां पर बीमारी है। क्या इस से गांधी जी का जो सपना था वह पूरा हुआ है और उन गरीबों के आंसू पुछे हैं। क्या राजधानी को ऐसा नहीं बनाया जा सकता है कि यहां पर झुग्गी-झोंपड़ी न हों। यहां पर बड़े-बड़े लोग, शासनाध्यक्ष एक-एक एकड़ जमीन में बने हुए मकानों में रहते हैं।...(**व्यवधान**) आज इस दिल्ली के अन्दर एक-एक एकड़ सार्वजनिक जमीन पर कुछ इलाइट और सम्मानित लोग रहते हैं। श्रीमन्, 1957 में जब मैं ए० आई० सी० सी० का सदस्य था, तो उस वक्त मैंने एक प्रस्ताव रखा था कि छोटे मकानों में मिनिसटर्स को रहना चाहिए। मेरा प्रस्ताव केवल 8 बोटों से गिरा था और दूसरी तरफ दिल्ली में यह हालत है।

एक माननीय सदस्य : आप कभी छोटे मकान में रहे हैं।

श्री बनारसी दास : मैं आज भी किराए के मकान में रहता हूं। मैं अर्ज कर रहा था कि इन्फ्लेशन को कैसे दूर किया जाए। सबसे पहले हमारा ध्यान उन लोगों की तरफ जाना चाहिए, जो पावर्टी की लाइन से नीचे रहते हैं। आज 37 साल हो गए हैं और उनकी हालत क्या है। मै जानता हूं कि रोग एक दिन में नहीं बन सकता। पं० नेहरू ने तीन पंचवर्षीय योजनाओं के द्वारा हमारी एकोनामी को कए टेक-आफ स्टेज पर ला खड़ा किया था और उसके बाद आशा की जाती थी कि चौथी, पांचवी और छठी पंचवर्षीय योजना में तेजी के साथ प्रगति होगी। इधर हम देखते हैं कि इन्फ्लेशन 10-12 पर सेन्ट है और वह तो प्रकृति ने साथ दे दिया जिसकी वजह से शकल कुछ सुन्दर सी लगती है। अगर प्रकृति साथ न देती, तो यह शकल सामने नहीं आ सकती थी। आज आवश्यकता इस बात की है कि जो अनआर्गेनाइज्ड हैं, जिन के पास साधन नहीं हैं, उनकी ओर अधिक ध्यान दिया जाए। आज विषमता बढ़ती ही चली जाती है। महात्मा गांधी ने कहा था कि मेरी कल्पना का भारत वह होगा, जिसमें एक नाई, एक वकील और एडमिनिस्ट्रेटर के श्रम का एक ही मूल्य होगा, उस दिशा में हमने प्रगति की है या पीछे की तरफ चले जा रहे हैं। क्या हम इसके बारे में साहस के साथ कह सकते हैं। रूस में ब्रजनेव की डेथ हुई और आन्द्रोपोव की डेथ हुई, तो एक दिन की छुट्टी नहीं हुई लेकिन इस गरीब मुल्क के अन्दर इस पार्लियामेंट का लाखों रुपया छुट्टी के अन्दर खराब हो जाता है।

दुनिया में कोई ऐसा मुल्क नहीं जहां ऐसा हो। अंग्रेजों ने इस देश में एक प्रिविलेज्ड क्लास पैदा की। वह क्लास सरकारी एम्पलाईज की है जो कि एक साल में पांच महीने काम करते हैं। इसलिए इस देश परिस्थितियों को देखते हुए अगर छुट्टियों को सीमित कर दिया जाए तो गवर्नमेंट आफ इंडिया और स्टेट्स का 30 परसेंट खर्चा कम किया जा सकता है। हमारी पहली प्रायो-

[श्री बनारसी दास]

रिटीज वेरोजगार लोगों को काम देने की है, जो लोग गरीबी की रेखा से नीचे रहते हैं उनको उठाने की है।

श्रीमन्, किसी भी सरकार का सबसे पहला काम सुरक्षा प्रदान करना होता है। आज सुरक्षा की स्थिति क्या है? हिन्दुस्तान की राजधानी में चांदनी-चौक के अन्दर जौहरी लुट सकते हैं। पालम का हवाई अड्डा जहां कि प्रधान मंत्री विदेशी डिगनीटरीज का स्वागत करने के लिए जाती हैं, सुरक्षित नहीं है। यहां पर मिसिज खिलानी का कत्ल किया जा सकता है। यहां पर एक साल के अन्दर सौ वेंक्स लुट सकते हैं। क्या इस देश के अन्दर कोई शासन है? क्या उसने सुरक्षा के लिए कोई कदम उठाया है? मेरे मित्र आरिफ जहां से आते हैं, वे जानते कि बुलन्दशहर, शिकन्दराबाद और अनूपशहर जो कि कलेक्टर क हेडक्वार्टर्स हैं, मैं तीन-तीन घंटे तक डकैती हो सकती है। इससे सुरक्षा की कैसे व्यवस्था हो सकती है। अगर यह परिस्थिति रही तो रूल आफ जंगल होगा।

महात्मा गांधी ने 12 मार्च को दांडी मार्च किया था तो उन्होंने लार्ड इर्विन को एक पत्र लिखा था—

Arms Act should be Oepealed.

हर आदमी को हथियार रखने का अवसर दिया जाए। आज पिस्तौल और बन्दूक के लाइसेंस हासिल करने की भी डकैतों को जरूरत नहीं है। आज जम्मू और कश्मीर से बहुत सी बन्दूकों की नालियां तैयार हो रही हैं। डकैतों को वे मिल सकती हैं। लेकिन जो शांतिप्रिय नागरिक हैं उनको हथियार नहीं मिल सकते। आज आजाद भारत के अन्दर ऐसा लगता है कि लाइसेंस रूलिंग पार्टी की गिफ्ट है, एम० पीज० का कोटा बन गया है, एम० एल० एज० का कोटा बन गया है। एक बन्दूक का लाएसेंस हासिल करने के लिए एक नागरिक का कम से कम पांच हजार रुपया खर्च होता है। महात्मा गांधी ने यह मांग की थी कि जब आप निहत्थे आदमियों को सुरक्षा प्रदान नहीं कर सकते तो उन्हें अराजक तत्वों के सुपुर्द क्यों करना चाहते हो। आज आवश्यकता इस बात की है कि आर्म्स एक्ट को रिपील करना चाहिए। मैं समझता हूं कि इसके लिए सदन के सभी भागों की यह मांग होगी ताकि प्रत्येक नागरिक अपने साथ में हथियार ले जा सके।

श्रीमन् आज इकोनोमी को व्राईटन करने की बड़ी आवश्यकता है। किस तरह से लोगों को ज्यादा और बड़ी मात्रा में काम मिले, इसकी बड़ी आवश्यकता है। मैं अर्ज कर रहा था कि जब सरकार सिक मिल्स को लेती है तो उनके मालिकों के पास मजदूरों का इतना पैसा जमा हो जाता है कि वे आराम से अपनी जिन्दगी बिता सकते हैं। इस दिल्ली के अन्दर फाईव स्टार होटल तो बढ़ते चले जाते हैं जहां पर एक एक आदमी दो-दो हजार रुपया खर्च करता है। इंडस्ट्रियलिस्ट्स के बड़े-बड़े गेस्ट हाउसिज हैं जहां पर वे नोमिनल पे करते हैं।

श्रीमन्, इन्फलेशन का मुख्य कारण क्या है? रा मेटीरियल खरीदने के अन्दर, चाहे सरकारी इन्वेन्टरी हो या प्राइवेट इन्वेटरी हो, कम से कम 25 परसेंट किक वेक होता है। इसी तरह से फिनिश्ड गुड्स में 25 परसेंट किक वेक होता है। डी० आई० सी० कितने दिन सरकार के इंतजाम में है। लेकिन उनकोकुछ लोगों को राजनीतिक ईनाम देने के लिएचरागाह बना दिया गया है। उनमें एल० एम० पी० प्रोग्राम बना दिया गया है कि "लूटो मेरे भाई"। आज इकोनोमी को गियर अप करने की आवश्यकता है। मैं चाहता हूं कि इसके लिए एक हाई पावर्ड कमेटी बनाई

जाए। सिक मिल्स के मालिक हैं उनकी जांच की जाए। उनकी जो चैन आफ फेक्ट्रीज है। पचासों ऐसी फैक्ट्रियां हैं जिनका खून चूसने के बाद उस बच्चे को सरकार के सुपुर्द कर दिया गया है। नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन और स्टेट टेक्सटाइल कारपोरेशन, ये सब मिलकर उसको ठीक नहीं कर सकते। जितनी शुगर मिल्स सरकार ने ली हैं, एक-एक शुगर मिल पर 10-10, 12-12 करोड़ रुपया कर्जा हो गया है। वित्त मंत्री श्री प्रणव मुखर्जी ने कहा था कि आज हमारे इंडस्ट्रियल हाउसेस पर करीब करीब 22 सौ करोड़ रुपए का बैंक लागू है। उसकी वसूली आप नहीं कर सके लेकिन किसान का ट्रैक्टर जरूर खींच लिया जाता है।

आई० आर० डी० पी० के अंतर्गत 30 परसेंट सबसिडी भी किसानों और हरिजन तक नहीं पहुंच पाती। रूरल ओरिएंटेड जाब प्रोग्राम में भी कोई लाभ वहां तक नही पहुंच पाता। वह पानी वहीं पर डेवलपमेंट दफतर के पास है। सूख जाता है। ये योजनाएं आकर्षक नहीं है। क्य कभी विचार किया गया है जहां 142 मिलियन टन अनाज पैदा हो रहा हो हिन्दुस्तान के अन्दर वहाँ एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज से, कालेजेज से कितने लोग खेती का काम करते हैं। एक समय आयेगा जब खेतों के लिए पढ़े लिखे लोग नहीं मिलेंगे। आज आवश्यकता इस बात की है कि खेती को एक आनरेबल पेशा बनाया जाए। वह तभी हो सकता है जब नियमों में आमूल परिवर्तन किया जाए। अंग्रेजों ने समर वेकेशन किया था। आज हिन्दुस्तान के लोगों को समर वेकेशन की जरूरत नहीं है। वेकेशन होना चाहिए हारवेस्टिंग के वक्त। उसके लिए यह नियम बनाया जाना चाहिए कि 35-40 साल की आयु के हर व्यक्ति को 15 दिन तक सड़कों पर, नालियों पर, खेतों में काम करना पड़ेगा। चाहे वह प्रधान मंत्री क्यों न हो। अन्यथा उसको डीफ्रेंचाइज कर दिया जायेगा। जब तक श्रम का मूल्य नहीं बढ़ेगा हम नरक्की नही कर सकते। आज यहाँ जो मैनुअल लेबर है उसको लोग नीचे की दृष्टि से देखते हैं। यह हिन्दुस्तान में नहीं होना चाहिए। यहाँ पर चौथे क्लास का एंप्लाई रहता है। अमरिका, इंग्लैण्ड आदि के अन्दर कहां पर चौथी क्लास का एंप्लाई नहीं है।

श्रीमन् आज देश की बिगड़ती हुई स्थिति का मुख्य कारण क्या है। सरकार पुलिस के बल पर नहीं चल सकती। सरकार मिल्ट्री के बल पर नही चल सकती। इसके लिए प्रेस्टीज की जरूरत नहीं है। इसके लिए एक नैतिक प्रभाव की जरूरत है। मैं दोषारोपण नही करना चाहता। एक वक्त था जब हम कांग्रेस में थे। उस वक्त सिराजुद्दीन की बही में लिखा था कि 10 हजार रुपया केशवदास मालवीय के जरिये एक सज्जन को दिया गया है। पण्डित नेहरु ने उसको अलग कर दिया। दास कमीशन की रिपोर्ट आई। उसके अन्दर टी० टी० कृष्णाचारी पर डायरेक्ट नहीं एक इंडायरेक्ट केश के अन्दर रिमार्क था। मौलाना आजाद ने कहा—जवाहरलाल जी टी० टी० कृष्णाचारी के रहते हुए मैं आपकी मिनिस्ट्री में नहीं रह सकता। फिरोज गाँधी ने भी इस प्रश्न को रखा। पंजाब के निर्माता स्वर्गीय कैरो, जिसते आज के इस पंजाब को बनाया, उसका कंट्रोल नहीं था अपनी पत्नी पर और लड़के पर। इसकी सजा उसे भुगतनी पड़ी। लेकिन आज क्या होता है। आज एक नहीं, दो नहीं बल्कि तीन-तीन चीफ मिनिस्टर्स को, जो यह सबसे बड़ी पार्टी है इसके, इसलिए

[**श्री बनारसी दास**]

नहीं कि इस पार्टी ने उनको निकाला या इसलिऐ नहीं कि, पार्टी के नेता ने उनको निकाला था, बल्कि आज एक चीफ मिनिस्टर सीमेंट का ब्लैक मार्केट करता है, इसलिए कोर्ट के निर्णय के बाद वह मुल्जिम बना हुआ है। दूसरा चीफ मिनिस्टर कोंआपरेटिव बैंक में गबन करता है। उस पर केश बनता है और वह केश हाऊस में आता है। एक मरतवा यहाँ के सुप्रीम कोर्ट के जजेज फैसला देते हैं और दूसरे दिन एक माननीय सुप्रीम कोर्ट के जज इस्तीफा देकर इस पार्टी के अन्दर पुरस्कार पाते हैं। फिर इस सुर्प्रीम कोर्ट ने इस देश को ज्यूडिसयर की मर्यादा को कायम रखा। जब फैसला किया कि जगन्ननाथ मिश्र मुल्जिम है, इसको कटघरे में खड़ा करना चाहिए। तीसरे चीफ मिनिस्टर के लड़के ने, उसके दमाद ने जंगल की लकड़ी काटी। क्या उसको हटाया गया ?

शिमल हाईकोर्ट ने कहा कि चीफ मिनिस्टर का इसमें कनाइवेंस है। भ्रष्टाचार दूर करने का तरीका यह है कि उसका आन्ध्र का गवर्नर बनाकर भेज दिया गया। यह इस देश के अन्दर मूल्यों का प्रतिष्ठापन करने का तरीका है। अक्सर प्रधान मन्त्री जी कहती हैं कि अपोजिशन कन्फ्रन्टेशन की राजनीति बरतता है। आज केन्द्र, में और देश के अधिकांश सूबों में आपका शासन है। विपक्ष का शासन कर्नाटक, वैस्ट बंगाल, काश्मीर और त्रिपुरा के अ-दर है। वहां आपका कैसा क्या व्यवहार है ? वहां पर आपकी नीति सहयोग की है या कन्फ्रन्टेशन की है ? बंगाल में कहते हैं कि कन्फ्रन्टेशन नहीं है, यह कंसीलिएशन है। जबकि काश्मीर के अन्दर आन्नोलन होता है, यह कन्फ्रन्टेशन की, नीति नहीं है। सी० पी० आई० ने जब दिल्ली में एक लाख आदमियों का प्रदर्शन किया था तो मुख्य मंत्री श्री कैरो ने पंडित जी से आकर कहा कि मैं अकेले पंजाब से पाँच लाख आदमियों का प्रदर्शन कराऊंगा पंठित जीं ने कहा किसके खिलाफ करोगे ? अभी शैड्यूल्ड कास्ट्स का प्रदर्शन हुआ, क्या यह वालेन्टरी था ? महात्मा गांधी की संस्था हरिजन सेवक संघ को भी एक अंग बना दिया गया। यह इस देश का दुर्भाग्य हैं कि महान पुरुष के जाने बाद लगता है, रोशनी चली जाती है। इतने दिन परिवार में रहने के बाद उसको छीनकर सुपुर्द किया गया। मैं यू० पी० में उसका अध्यक्ष था। उसकी ग्रांट बंद कर दी गई। जबकि उससे मेरा आज से 54 साल पहले अशपृश्यता निवारण के अन्दर तीन साल तक बहिष्कार हुआ। मैंने इस्तिफा दे दिया। आज उस एतिहासिक हरिजन सेवक संघ को निर्मला देशपांडे ने अपनी एक समकीरण नाजनीति का अंग बना रखा है। वहां पर वे अपनी मुसीबतों का निवारण करना चाहती है। आपका जो यह राष्ट्रपति का एड्रेस है, इस पर जरा गौर कीजिए। मेरे लायक दोस्त ने अभी कहा कि इसमें निर्दोषण है। जितना सहयोग हमें देना चाहिए उसमें विरोधी पक्ष को आप पीछे नहीं पायेंगे। 1965 और 1971 का युद्ध हुआ। उस वक्त श्री अटल बिहारी वाजपेयी और श्री मधु दंडवते एक साथ थे। जहाँ तक इस देश की एकता और अखण्डता का सवाल है, वह वैसे ही है जैसे पाण्डव और कौरव सौ और पांच थे। जहां तक दूसरों का सवाल था, वे 105 थे। देश भक्ति इन बेंचेज की मोनोपोली नहीं है। देश भक्ति हम भी जानते हैं। कितने ऐसे व्यक्ति हैं जिनके बाल आजादी की लड़ाई में सफेद हुए हैं। मैंने एक दफा नहीं बल्कि चार-पाँच दफा गांधी जी और पण्डित नेहरु के नेतृत्व में लाठियाँ और गोलियां सहय की हैं। कुछ

लोगों का कामन इन्टरेस्ट यह नहीं कि देश को आगे बढ़ाना है, वे अपने दिल से यह प्रश्न करें कि हमने इस राष्ट्र को कितना दिया है ? क्या हमारा राष्ट्र आगे बढ़ रहा है या हम उसको पीछे की ओर ले जा रहे हैं। क्या काम हर नौजवान का फण्डामेंटल राइट नहीं बन सकता ? क्या दो सौ करोड़ आदमियों को डेढ़ सौ रुपए मासिक देकर पाँच हजार करोड़ से उनकी परचेजिंग पावर नहीं बनाई जा सकती है ? यहाँ पर एशियन गेम्स और कामनवैल्थ काँफ्रैंस हो सकती हैं।

हम भी इस बात की दाद देते हैं कि वाह वाही हुई है। लेकिन बाहर वाली का सर्टिफिकेट बेमानी हैं जब तक कि आन्तरिक शक्ति न हो। हिन्दी चीनी भाई-भाई का बहुत नारा दिया गया था, पंचशील की बहुत बातें की जाती थीं। लेकिन हमारी कमी थी मिलिटरी बिल्ड अप की और उसकी वजह से पंडित नेहरु की जिन्दगी का एक कीमती हिस्सा कम हो गया और हिन्दुस्तान को एक अपमान की घड़ी देखनी पड़ी। यह एक कर्टसी है, परम्परा है जिसकी वजह से बाहर वाले इस तरह की बातें कर देते हैं। आज मिसिज गाँधी कामनवैल्थ देशों की, एशियन देशों की, नान एलाइंड देशों की एक नेता है यह ठीक है लेकिन जब हमारे देश के अन्दर भूख और प्यास, अफलास और बेरोजगारी हो तो क्या उनकी तरफ हमारा सबसे पहले ध्यान नहीं जाना चाहिए ये चीजें इन्तजार नहीं कर सकती हैं।

मैं आपको एक घटना बताना चाहता हूं। कानपुर में एक कत्ल हुआ। मेरे एक साथी एम० एल० ए० गए। वहां एक लड़के से पूछा कि तुम कभी डकैती करते हो ? उसने कहा कि आपका पेशा क्या है ? यह कार आपके पास कहाँ से आई है ? आज का नौजवान प्रश्न करता है कि ये फाइव स्टार होटलों में जो दो-दो हजार रुपए खर्च करते हैं क्या वे हिन्दुस्तान के सिटिजन हैं और क्या नैतिक दृष्टि से वे क्रिमिनल लोग नहीं हैं ? श्री घनश्याम दास बिड़ला ने अपनी आटोबायोग्राफी में लिखा है कि मैंने महात्मा जी से पूछा नैतिक रूप से तीस रुपए में से हमें कितना खर्च करना चाहिए उन्होंने जबाव दिया पंद्रह रुपए। जब उन्होंने कहा कि पंद्रह में तो काम नहीं चल सकता है तो बापू ने कहा तीस रुपए। बिड़ला कहते हैं कि मैंने कहा कि तीस में कैसे काम चलेगा तो यह बिड़ला के लफ्ज हैं कि बापू ने कहा कि तब तो डकैत हो। घनश्यामदास कहते हैं कि उन्होंने कहा तब बापू, सब मारवाड़ी और गुजराती डकैत हैं जिस पर गांधी जी ने कहा कि इसमें क्या कोई शक है। आज कानून इस तरह के हैं कि नौजवानों का न्याशीलता के ऊपर से यकीन डिग चुका है, वे मानने के लिए तैयार नहीं हैं.....(व्यवधान)

I have the courage of conviction. I have been living in a rented houss on a monthly rent of Rs. 112. In 1969 I had the courage to act according to my own convictions. Many of my friends became turncoats and changed the sides, but I did not. Many people fall prey to the corrupting influence. We may be in a minority, but we work with belief, we have faith in truth.

MR. DEPUTT-SPEAKER ; Truth always triumphs.

SHRI BANARSIDAS : We cannot compromise with injustice, whasever may happen.

हिस्ट्री सब चीजों को रिकार्ड करती है। हमें प्रसन्नता नहीं है कि हम बजट का विरोध करें। लेकिन आज पंजाब के इशू को आप लें। इस पर बहुत चर्चा हुई

[श्री बनारसी दास]

है। इसका सिम्पल सा साल्यूशन था। प्रधान मंत्री विरोधी दलों को कान्फिडेंस में लेती। चंडीगढ़ पंजाब को दे देतीं। पानी का विवाद सुप्रीम कोर्ट को सौंप देती। फाजिलका अबोहर के बारे में प्लेबिसिट करा देती। दरबारा सिंह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम साथी रहे हैं। मिनिस्टर्ज कान्फ्रेंसों में अक्सर हमने साथ साथ काम किया है। आज अगर पंजाब में कोई व्यक्ति है जिसकी देश भक्ति और राष्ट्र भक्ति पर सन्देह नहीं किया जा सकता है तो वह दरबारा सिंह जी हैं। उनको काम करने का अवसर नहीं दिया गया। उसको हटा दिया गया। जबसे वहां राष्ट्रपति शासन हुआ है लोगों की जानों से होली खेली जा रही हैं। मैं चाहता हूं कि विरोधी पक्षों को कान्फिडेंस में लेकर एक नीति तय की जाए कि क्या मस्जिदों, मंदिरों, गिरजाघरों, गुरुद्वारों के अन्दर पुलिस जाएगी? दो तरह के कानून बनाना ठीक है। मैं मानता हूं कि अकालियों ने गुरुद्वारों का मिसयूज किया है। सिख पंजाब में 52 परसैंट हैं। निरंकारी भी हैं दूसरे भी हैं। हिन्दू अलग हो गए हैं। आपको रिच डिविडेंट इस नीति का जम्मू काश्मीर में प्राप्त हुआ है। यह नीति रही है माइनारिटीज के प्रोटेक्शन का नारा देना। तो पंजाब को कब तक जलने दिया जायगा, कब तक बेगुनाह लोगों के खून होंगे? क्या कोई आदमी उन बेंचेज पर चुपचाप शांति से बैठ सकता है, दिल्ली में हम आराम से बैठ सकते हैं? गुरु नानक, जिसकी अहिंसावृत्ति ने बाबर की क्रूरता का रूपान्तर कर दिया था, सुल्तानपुर से फौज हट गई थी, आज उसी गुरु नानक के नाम पर बेगुनाह लोगों का खून किया जा रहा है। मैं नेता सदन से प्रार्थना करता हूं कि एक सर्वसम्मत फैसला हो कि अकाली दल अपना आन्दोलन वापस ले। अकालियों ने हिंसा को कंडेम किया है, लेकिन चोरा-चोरी में एक थाना जल गया था तो उस पर महात्मा गांधी ने आन्दोलन वापस ले लिया था। आज जो पंजाब में हो रहा है, युवक उग्रवादी गुमराह हो रहे हैं, तो उसकी नैतिक जिम्मेदारी अकाली दल पर भी है। एक वक्त था जब मौडरेट अकाली प्रकाश सिंह बादल को नीचा दिखाने के लिये उग्रवादियों को प्रोत्साहन दिया गया था, आज वही बूमरेंग हो गया। वही बाण वापस नहीं आ सकता। वह खुद शासन के लिये एक बवाले जान हो गया।

शुरू के अन्दर पानी का विवाद, चंडीगढ़, अबोहर और फाजिल्का को लिया जाता, मुझे आश्चर्य होता है एक राउन्ड टेबिल करके सरकार यूनीलैटरिली कोई फैसला नहीं कर सकती? असम को सेफ कांस्टीट्यूएंसी बनाने के लिये, वहां की संस्कृति, भाषा, कला को अल्पसंख्या में तब्दील किया जा सकता है, ट्इब्यूनल्स जो बनाये गये हैं वह एक फार्स है। क्या सूओ मोटो फोरेनर्स का डिटेक्शन नहीं हो सकता। वहां पर जनता आकर दर्खास्त देगी कि फौरेनर कौन हैं। क्या इससे आप उनका दिल जीत सकते हैं? यह ठीक है लोगों के खून से होली खेलकर एक सरकार बन गई। वहां इस समय पीस आफ दी ग्रेव है। 1942 में कुछ समय के बाद मुल्क में शांति लगती थी, लेकिन जवाहर लाल जी ने कहा था कि यह शांति नहीं है तूफान है, लिल बीफोर दी टैम्पेस्ट है। इसलिये असम की जनता के दिलों को जीतने की जरूरत है। रूलिंग पार्टी

कन्फ्रन्टेशन की नीति छोड़ें । कर्नाटक सरकार को गिराने का प्रयास, जम्मू कश्मीर सरकार को उसी दिन से टौपल करने का प्रयास किया जा रहा है । वेस्ट बंगाल मुख्यमंत्री पर पत्थर फेंके जायेंगे । क्या यह आदर्श है जो रूलिंग पार्टी जनता के सामने पेश करना चाहती हैं ? मैं दुख के साथ कहना चाहता हूं कि व्यक्तियों से, दलों से राज्य ऊपर है । व्यक्ति चले जायेंगे, राजनीतिक पार्टियां चली जायेंगी, बहुत सी राजनीतिक पार्टियां अतीत के गर्भ में लीन हो गई, उनका कहीं पता नहीं है । आज इस बात की आवश्यकता है कि क्षणिक राजनीतिक स्वार्थ प्राप्त करने की जो नीति है, उसको छोड़कर सही माने में, जैसा यू० एन० ओ० में प्रधान मंत्री ने कहा : "The power and might of the Government should be used with restraint; should be used with compassion. Power should be tempered with compassion; justice with restraint." यह शब्द जितने अधिक प्रधान मंत्री के कमरे में लिखने के लायक हैं उसमें ज्यादा किसी के लिये नहीं हैं । इसलिये प्रधान मंत्री यू० एन० ओ० के भाषण को अपने सामने रखें ।

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneshwar) : I rise to support the Motion of Thanks moved to the President's Address.

In 1954, Shri Aurobindo in one of his famous discourses, had said, "As individuals have their souls so also the nation." Today, in Punjab, in Jammu and Kashmir the heart of India, in bleeding and India's sole is in agony.

As, a nation, we are dedicated to uphold our freedom, integrity, democracy and secular character. All these basic national values are under attack every day in Jammu & Kashmir, in Punjab, in Haryana and in the North Eastern parts of our country.

If we simply call this as madness, then we will be little the underlying grave importance of these happenings. There is a calculated move and a design in this method of madness to destroy our basic values for which many became *Sahids*. The design is that India should not rise to further heights on its own.

The success of Asiad, the successful Non-Aligned Summit meeting and the election of our Prime Minister as its Chair-person, the Commonwealth Heads of meetings and all such efforts to strengthen third world countries and forces of peace by our Prime Minister have irked the core powers in the international arena. I do not want to name who are the core powers.

The design for 2000 AD is to build up a kind of new international system which they call 'Sino-Japan Co-prosperity Sphere in this part of the world. In such a scheme of things, India's ascendency does not fit in.

Therefore, the subversive agents who are called as the 'Army of the Night' are at work day and night to destabilise India from one end to another. If you study the sequence of events you will find that this destabilising action has been accelerated after the Non-Aligned Summit meeting and has culminated in the vandalism of burning of our Constitution. Therefore, this is the basic problem which we shall have to meet collectively. This challenge to our freedom, integrity, secularism, democracy and socialism has to be nipped in the bud both politically and administratively. The Army of the Night has been let loose. Killing of innocent people and personalities like Mhatre, Lala Jagat Narain and others are part of this grand design to destabilise and weaken our country.

Here I would just like to refer to our interested neighbour who has started arming itself with all the deadly weapons.

If all the recent publications are studied, and if one analysis the

strategic studies countries, for the last four to five years, it appears that there is every possibility that we are being dragged to a war in 1985. Most of the publications deal with this. This interested neighbour who has attacked India three times is going to attack a fourth time, committing aggression on India, with all its deadly weapons. All the forecasts say that there will be a thirteen-day conflict with India which will be deadly. This will be the last conflict. This is what the militarists are saying. So, anybody who has read the history of any military dictatorship will find that the dictators want to divert the wrath of their people by unleashing attack on neighbouring countries. In that process, they get liquidated.

Therefore, when we are thinking of another seven to eight months, in 1985, when such a conflict is before us I think the time has come when we have to think among ourselves whether we shall devote more of our time and attention to safegaard the security to safeguard the basic values of our country or we shall have to fritter away our energy on minor things.

Here I may refer to the reply of Sai Baba to a group of foreign journalists. A group of foreign journalists once asked Sai Baba whether India will survive through all these turmoils. Sai Baba, though he is not a politician, with his spiritual wisdom, with ease, he said, that as long as there are Himalayas, and as long as snow falls over the Himalayas and as long as the snow melts and the melting snow flows into the sacred Ganges and as long as the Ganges is not dried up, India will survive. Therefore its culture and religion is called *Sanatan*, that is eternal, ever flowing. Therefore, I say that the attempts to destroy the values, culture and our thousand year civilization will fail and nobody will be able to destroy our traditions, this six thousand years of culture and civilization of our country. So, all attempts to de-stabilise and destroy the immortal soul of India should be thwarted because they are bound to fail. In its thousands of years of history it has withstood many onslaughts, wanton onslaughts on our soil. Even now we can admire the wonderful forbearance of our vast masses in the face of all kinds of provocations by the 'Army of the Nights'. That is the magnanimity of the vast masses of India. But before the conflict starts this should be destroyed. This attempt should be nipped in the bud. This should be the task before us. These forces of disintegration and subversion should be totally liquidated. Whatever may be the cost, this should be our major task. All the subversive agents should be destroyed. This is the first task before us. Then, should not all the progressive, democratic secular and socialist minded forces unite at this juncture ? These are the major issues before the Nation. Therefore, the only and one task before the political parties today is to awaken the conscience of the nation to this reality But they are wasting their time and energy in extraneous and peripheral matters. They are making themselves irrelevant to the needs and aspirations of the nation. Let them be relevant to the time. Therefore, today if the opposition parties do not find any response among the masses, it is because it is only the Congress which is relevant. Congress meets the very needs and aspirations of the people. Congress wants that India as a whole survives. Therefore, people admire Congress ; people admire our Party and the Prime Minister.

Here again another story relating to understanding of things come to my mind. There was a very rich man. He incited all the learned people of the land and put before them some questions and told them whosoever made him understand these questions he would give a part of his land away and he fixed a day for that. The learned people went away. The wife of the rich man, who was listening to what her husband was offering, asked him if any one of these learned person by chance made you understand, then

what would happen to us because you would give away the land. The rich man laughed and said that he would go on listening to them. After explaining they would ask him whether I had understood and then I would simply say no and there it would end. They could put facts, they could explain, but how could they make me understand when I had decided not to understand at all. Likewise, the whole opposition is in predicament. I remember the famous speech of Shri Krishnamenon. He once said : Well, Government can supply you facts, but how can it supply you understanding.

The other day one of our opposition members was saying that the President's Address is hiding facts about inflation. The facts are so clear. I have got the figures of rate of inflation right from 1970-71. They are like this :

1970-71 was a marvellous year. At that time the rate of inflation was in minus.

1971-72	8.2
1972-73	12.2
1973-74	10.0
1974-75	9.4
1975-76	6.5
1976-77	12.0
1979-80	21.5
1080-81	16.7
1981-82	2.4
1982-83	6.2.

This was one of the most affected drought year.

In 1983-84 rate of inflation has gone upto 8.2 despite the excellant crop. The Finance Minister has admitted this. And this is a matter of concern. So, where is the question of hiding the facts ?

I fully support this Motion of Thanks to the President's Address because there is remarkable recovery in the economy, there is remarkable achievement in the agricultural sector. Even we have not drawn fully the IMF loan. This is one of the biggest achievements that we have made. Our foreign exchange reserves have increased and our exports have increased. For all these achievements we can explain to them and if we are not able to make them understand, then we can only supply facts and the people of India will understand them. The opposition will become irrelevant. They will not understand what progress we have achieved.

MR. DEPUTY SPEAKER : Hon. Members should not take more than ten minutes. The Prime Minister has got to reply at 4.00 p.m.

प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत (चित्तौड़गढ़) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, माननीय राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दोनों सदनों के सम्मुख दिया है, उसका समर्थन करने के लिए मैं खड़ी हुई हूं। मैं यह भी कहना चाहती हूं, विरोधी पक्ष चाहे कुछ भी कहे, परन्तु पिछले चार वर्षों में तनावपूर्ण और संघर्ष-मय परिस्थितियां होते हुए भी हमने बहुत प्रगति की है। उस प्रगति को नकारा नहीं जा सकता है। हमारे वैज्ञानिकों और टैकनिशियन्स ने बहुत तरक्की की है, जो कि हमारे देश के नक्शे में स्पष्ट दिखाई देती है। रोहिणी और इनसैट-एक ए और एक-बी छोड़कर हमने अंतरिक्ष जगत में भी प्रवेश कर लिया है। इसके अलावा बम्बई हाई और जैसलमेर में जो नैचुरल गैस और आयल के लिए जो खोज की है, उसको भी नकारा नहीं जा सकता है। हमने एंटार्टिका का तीसरा दल भेजकर एक रिमार्केबिल सफलता प्राप्त की है। इसमें खास बात यह है कि पुरुष तो जाते ही हैं, अब की बार दो महिलाओं को भी भेजा गया है। इसके

लिए मैं आपके द्वारा वैज्ञानिकों को धन्यवाद देना चाहूंगी।

इसके साथ-साथ सारे देश में जो प्रधानमंत्री जी के आर्थिक कार्यक्रम चल रहे हैं, यदि उन पर दृष्टिपात करें तो गांव-गांव में हमें विकास के चिन्ह दिखाई देने लगेंगे। बीस सूत्री कार्यक्रम के तहत गांव-गांव में विकास हुआ है। एन० आइ० पो० और आइ० आर० इ० पी० कार्यक्रमों द्वारा लाखों लोगों की जिन्दगी को बदल दिया है। इन सबकी ओर देखते हुए यदि विरोधी पक्ष नकारात्मक दृष्टिकोण रखता है, तो वह कोई बुद्धिमत्ता का द्योतक नहीं है।

14.26 hrs.

(SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI *in the Chair*)

पिछले 15 अगस्त को हमारी प्रधान मंत्री जी द्वारा बेरोजगार नौजवानों के लिए कार्यक्रम की घोषणा की है। जो पथ भ्रष्ट युवक थे, जिनको कोई रास्ता नहीं मिल रहा था, उनको एक बहुत ही महत्वपूर्ण पथ-प्रदर्शक मिला है। इस बात का भी मैं घोर विरोध करते हुए, जैसा कि श्री बनारसी दास जी ने कहा है कि यहां एशियाड और गुटनिरपेक्ष सम्मेलनों में जो सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, उसको देश ने कभी पसंद नहीं किया है, यह उनकी भूल है। उन्हें यह मालूम नहीं है कि आज देश की जनता ने इस बात के लिए गांव में बैठे हुए लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है। अन्तर्राष्ट्रीय जगत में चोगम की सफलता इस बात की द्योतक है कि हमारी नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण भावना को व्यक्त किया है।

हम नियोजित विकास और पंच-वर्षीय योजनाओं के माध्यम से आत्म-निर्भरता की ओर बढ़े हैं। लेकिन विरोधी पक्ष इस बात का ढिंढोरा पीटता है कि हमने विदेशी कर्ज लेकर इस देश को कर्जदार बना दिया है। वे यह नहीं समझते हैं कि व्यक्तिगत कर्ज और एक राष्ट्र के द्वारा लिए गए कर्ज में बड़ा अन्तर होता है। मैं बताना चाहती हूं कई ऐसे देश भी हैं, जैसे मैक्सिको, पोलैंड और ब्राजील, जिनकी 40 से 50 प्रतिशत राष्ट्रीय विदेशी कर्ज की होती है। हमारी सरकार ने विदेशी कर्ज में कमी की है। अभी छठी पंचपर्षीय योजना में हमने 5.7 प्रतिशत कर्ज लिया है और अभी आई० एफ०एफ० द्वारा जोलोन लेना था, वह भी हमने नहीं लिया। इसलिये ये सारी बातें इस बात को सिद्ध करती हैं कि देश आगे बढ़ रहा है। आज पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी है, परन्तु हमारे देश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ी है। यह बात मैं नहीं कह रही हूं, हमारी पार्टी के लोग नहीं कह रहे हैं, यह वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष क्लासिन द्वारा कही गई है।

"चोगम" के समय महाराणी एलिजाबेथ यहां पधारी थीं, उन्होंने भी इस बात के लिये देश की सराहना की कि 23 वर्ष पहले वे यहां आई थीं और आज जब यहां आई हैं तो देश में एक क्रान्तिकारी परिवर्तन दिखाई देता है। इसके अलावा परमाणु साधनों में हमने आत्मनिर्भरता प्राप्त की है। मद्रास के पास कल्पकम में हमने जो परमाणु रिएक्टर बनाया है, वह पूरी तरह से स्वदेशी है। इसको देख कर कई विदेशी शक्तियों में बौखलाहट पैदा हो गई है। इसमें और ज्यादा तरक्की करने जा रहे हैं, फास्ट-ब्रीडर-रीएक्टर,

भारी पानी के संयत्र देश में ही बने हुए लगायेंगे। इस तरह से देखा जाय तो हमारा देश वैज्ञानिकों और टैकनीशियनों की दृष्टि से दुनिया में तीसरा स्थान रखता है। औद्योगिक दृष्टि से हमारे देश का स्थान दुनिया में दसवां है, मुझे दुख है फिर भी विरोधी दलों के लोगों को यह दिखलाई नहीं देता है कि देश तरक्की कर रहा है। इसको समझाने के लिये मुझे यही कहना पड़ेगा—कुछ ही दिनों में हमारा यह अनडवेजप्ड देश डवेलप्ड देशों की श्रेणी में आने वाला है—तब आपके लिये यह एक चौंकाने वाली बात होगी।

सभापति महोदय, इतना सब कुछ होने के बावजूद हमारे देश में कुछ आन्तरिक शक्तियां और कुछ बाहरी शक्तियां एक अशान्ति का वातावरण पैदा करने के लिये खुली हुई हैं। अकाली आन्दोलन के बारे में यहां बहुत कुछ जिक्र हो चुका है। मैं तो इसके बारे में यही कहूंगी कि यह पागलपन की एक चरम सीमा है, एक ऐसी चरम-सीमा है जिसने एक अजीब-सा मोड़ लिया है। वे लोग संविधान को जलाने की बात करते हैं, कभी पंजाब बंद, सड़क बन्द, रास्ता बन्द करना चाहते हैं। समझ में नहीं आता कि ये लोग देश का क्या बनाना चाहते हैं। जब सरकार ने उनकी धार्मिक मांगों को मान लिया है, तो वे यह समझ बैठे हैं कि एक के बाद एक मांग करते जाओ और यह सरकार मानती चली जाएगी। उन्होंने एक बार यह मांग की कि राजस्थान का गंगानगर उनको दे दिया जाय। हमारे लोंगोवाल भी बार-बार यह कहते हैं कि भाषा के आधार पर प्रान्त बना दिये जाय। इस तरह से देश चलने वाला नहीं है। मुझे उस समय बड़ी शर्म आती है और दुख भी होता है जब इस किस्म की घटनाओं का जिक्र यहां पर होता है। पंजाब में जो कुछ हो रहा है उसको देख कर किसी भी समझदार आदमी का सिर शर्म से झुक जाता है। इसलिये मैं सरकार से विनम्र शब्दों में निवेदन करना चाहूंगी कि अब वह इन बातों की अनदेखी न करे। यह निर्विवाद सत्य है कि इन सब ताकतों के पीछे विदेशी शक्तियां हैं। हमें इन तमाम बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिये।

हमारे काबुली साहब ने अभी बहुत कुछ कहा—खास तौर पर फारूख अब्दुल्ला साहब के बारे में उन्होंने बहुत वकालत की। मैं इस सम्बन्ध में यही कहना चाहूंगी—राष्ट्रविरोधी गतिविधियों को, जिनको वे संरक्षण दे रहे हैं, बन्द किया जाना चाहिये। राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से यह देश चलने वाला नहीं है। यह बात हम नहीं कह रहे हैं। देखने में यह आता है—जब जब भी हमारे पड़ौसी राष्ट्र के अन्दर कुछ आन्तरिक कलह होता है, वे अपने सारे शस्त्रों का घुमाव हमारे देश की तरफ कर देते हैं। इतिहास इस बात का प्रमाण है—यह राष्ट्र तीन दफा पाकिस्तानी हमलों का मुकाबला कर चुका है और आज भी हमारे देश की सीमाओं पर युद्ध के बादल मंडला रहे हैं। आज कुछ ऐसी विदेशी ताकतें हैं जो अपनी भूमि पर युद्ध कराना चाहती हैं। तरह-तरह के आधुनिक हथियार दूसरे देशों को देने की कोशिश में रहती हैं। आज अमरीका के द्वारा पाकिस्तान को आधुनिकतम हथियार दिये जा रहे हैं। यह इस बात की याद दिलाते हैं—जिस प्रकार ईजराइल को सहायता देकर लेबनान की धरती पर युद्ध कराया गया था।

इस बात के लिए हमें सचेत रहना चाहिए, इस बात के लिए सोचना चाहिए कि कहीं इस प्रकार का षडयंत्र हमारे साथ तो नहीं हो रहा है। मैं प्रतिपक्ष से यह कहना चाहूंगी कि राष्ट्रीय मामलों में हमें कोई नकारात्मक दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए बल्कि सुझावात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। यह पंजाब में जो चिंगारी निकली है, वह देवानल का रूप धारण न करले, इसको हमें देखना चाहिए और विरोधी पक्ष को इसमें हाथ सेकने की वनिस्पत इसे बुझाने का प्रयत्न करना चाहिए।

देश ने जो कुछ भी तरक्की की है, उस सबको अगर हम आंकें, तो बहुत सारी दिखाई देती है और बहुत दिखाई नहीं देती है और इसका कारण यह है कि जिस रफ्तार से तरक्की हो रही है, उसी रफ्तार से कई गुना हमारी जनसंख्या बढ़ रही है। हमारा देश जो है, वह दुनिया की जमीन का 2.4 प्रतिशत क्षेत्र रखता है परन्तु आजादी का हिसाब लगाया जाए, तो दुनिया की 14 प्रतिशत आबादी हमारे देश में रहती है।

MR. CHAIRMAN : Please conclude now. You have taken eleven minutes.

PROF. NIRMALA KUMARI SHAKTAWAT : I will take five minutes more.

MR. CHAIRMAN : The Prime Minister is replying at 4 O' Clock. Twenty speakers from your party are there. What to do ? Already you have taken two minutes more.

प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत : मैं समाप्त कर रही हूं। जो कुछ भी राष्ट्रीय कार्यक्रम हमने पहले शुरू किये थे, उनको इन लोगों ने खत्म कर दिया और उनकी धज्जियां उड़ा दी। ऐसी स्थिति में देश आगे कैसे बढ़ेगा। हमें यह देखना चाहिए कि देश आगे कैसे बढ़े। इसके लिए हमें उद्योगों का बिकास जो है, वह करना होगा और विकेन्द्रित उद्योग देश में स्थापित किये जाने चाहिए। हमारे देश में रत्नगर्भा जमीन है और खनिज पदार्थों की कमी नहीं है। मैंने इस बारे में कई बार कहा है कि हमारे राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में एक सुपर जिंक स्मेल्टर प्लान्ट लगाया जाए। मैं निवेदन करूंगी कि छठी पंचवर्षीय योजना के अन्तिम साल में यदि वहां पर सुपर जिंक स्मेल्टर प्लान्ट लगा दिया जाएगा तो इससे वहां के विकास का रास्ता खुल जाएगा।

MR. CHAIRMAN : Kindly conclude now. You have already taken fifteen minutes.

प्रो० निर्मला कुमारी शक्तावत : राजस्थान की स्थिति के बारे में मैं यह निवेदन करना चाहूंगी कि वहां पर पावर की बड़ी शार्टेज है। वहां पर जो कारखाने हैं, उनमें बहुत सी जगहों पर 100 प्रतिशत पावर की कटौती चल रही है। इसके अलावा पावर की कमी के कारण किसानों को भी बहुत अधिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसलिए पावर जेनरेशन के काम को हमें बढ़ाना चाहिए। हमारा उद्देश्य यह है कि इस शताब्दी के अन्त तक हम 10 हजार मेगावाट बिजली पैदा करेंगे और इस छठी योजना में 2 हजार मेगवाट बिजली तैयार करने की योजना है। मेरा निवेदन है कि राजस्थान में कोटा के पास जो एटामिक इनर्जी प्लान्ट लगा हुआ है, उसके बारे में मैं यह सुझाव देना चाहूंगी

कि उसका सारे का सारा ढांचा तैयार है, तो हम वहां पर 222 मेगावाट के 2 रीएक्टर लगाने की बात सोचें। इससे न केवल वहां की समस्या हल होगी, बल्कि देश की समस्या भी हल होगी।

एक और निवेदन करना चाहूंगी। क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान दूसरा सबसे बड़ा प्रान्त है। राजस्थान की योजना के लिए वहां की सरकार ने वर्ष 1984-85 के लिए 800 करोड़ रुपये की मांग की थी परन्तु योजना आयोग ने केवल 401 करोड़ रुपये ही दिये हैं। राजस्थान एक ऐसा प्रान्त है, जहां पर पिछले तीन वर्ष से अकाल पड़ा हुआ है। ऐसी स्थिति में मैं यह कहना चाहूंगी कि इस राशि को अवश्य बढ़ाया जाना चाहिए नहीं तो यह जो पिछड़ा हुआ प्रान्त है, यह कभी तरक्की नहीं कर सकेगा। प्रति व्यक्ति लाभ जितना दूसरे प्रान्तों को दे रहे हैं उतना ही राजस्थान को देना चाहिए और यह जो राशि मंजूर की गई है, इसको और बढ़ाना चाहिए। दूसरे प्रांतों को आप ज्यादा दे रहे हैं। राजस्थान को प्रति-व्यक्ति खर्च के लिए बहुत कम दे रहे हैं। मैं आपको आंकड़े देकर बताना चाहती हूं। हरियाणा में प्रति व्यक्ति 1385 रुपये, पंजाब में प्रति व्यक्ति 1179 रुपये, गुजरात में प्रति व्यक्ति 1073 और राजस्थान में प्रति व्यक्ति 517 रुपये खर्च करने को मिल रहा है। इसलिए राजस्थान को बहुत कम मिल रहा है।

श्रीमन् आज सारे संसार में शीत युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं जिसको हम सभी लोग महसूस करते हैं। आज इस स्थिति में जनता को यह मालूम है कि हमारे देश की जो नेता हैं, श्रीमती इन्दिरा गांधी, उनका व्यक्तित्व इस घड़ी में देश को नया मार्ग दिखायेगा। वह एक ऐसा व्यक्तित्व है जिसकी छत्रछाया में हम सभी परेशानियों से उभर सकेंगे। इसलिए आज उन पर सारे देश की आशाएं केन्द्रित हैं।

यही बात कहकर मैं राष्ट्रपति महोदय को उनके अभिभाषण के लिए जो उन्होंने दोनों सदनों के सम्मुख प्रस्तुत किया है धन्यवाद देती हूं और सभापति महोदय आपको भी धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे दो मिनट अधिक दिये।

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat) : Mr. Chairman, the President's Address by tradition and necessity, I suppose, covers a very wide field. Nevertheless, I think that is not a justification for the entirely superficial and cavalier treatment which this Address has given to the situation in Punjab. I know we have had a lengthy debate on this question during the discussion on the adjournment motion which was admitted. Nevertheless, in the limited time at my disposal; I am constrained to once again refer to this subject. The main reason for that is, I did not participate in that debate, but I was waiting merely along with, I suppose, several millions of our countrymen for some sort of lead to be given to the country by the Government, by the Prime Minister, on this matter. A debate can take place in which allegations and counter-allegations take place, in which excuses are given for all sorts of things and so on. But at the end of it all, in this very disturbing and very appealing situation that we are facing, one expects the Ruling Party and the Prime Minister to give some indication of what is to be done now. They are rather completely bankrupt, they have nothing to offer to the country. I am afraid, I was very much disappointed that nothing was stated

here as to what the Government proposed to do now. They may not succeed, they may fail ; that is a different matter, But no kind of indication whatsoever was given.

In the President's Address, out of 30 paragraphs there is one paragraph referring to the Punjab consisting of five sentences and there are two sentences about what happened in Haryana. That is all, I think that is a masterpiece of complacency and also, I should say, of callousness. I kept feeling that we are now approaching within a few days two very historic anniversaries which are connected with the blood of our people, with the Punjab. One is the 21st of March this month, the day on which shaheed Bhagat Singh was executed. Another is in the next month, the anniversary of Jalianwallabag massacre. We have talked a lot about the great traditions of our country, our Independence movement and all that, of which we are all very proud. We cannot forget Sardar Bhagat Singh, whose picture hangs now probably more than anybody else's picture, in so many houses in this country and we cannot forget Jalianwallabagh where the blood of Hindus and Sikhs and everybody flowed together. On such an occasion, Ithink, more is expected from the Parliament of India than we have been able to considering the terrific problem which we are facing now on this occasion.

The first thing, the President ought to have done in his Address was to admit, if I may humbly say so, that the rule which is going on in Punjab in his name since the month of october last has been a total failure. Last November we debated in this House the Bills which were to replace the ordinances. One was the Disturbed Areas Bill relating to Punjab and the other was the Armed Forces Special Powers Bill. At that time, during the debate; some of us had warned that these measures were not going to have the slightest effect. We were attacked, of course, from that side saying we do not want law and order to be maintained. That is why, we are opposing this Bill and so on and so on and so forth. But now, of/course, I can say—I do not want to score a debating point—but the fact is that we did emphasise this point that this is a problem which has to be solved by political means and it cannot be solved by the Disturbed Areas Act and the Armed Forces Special Powers Act. Even under these Acts, the special powers that were given to police and army have they been used against the people who are creating this violence and terrorism there ? Have they been able to use them ? If they had been able to, that would have been to their credit and they would have been able to come before this Parliament with a report and a record about it. The fact of the matter is, nothing was done and nothing can be done. And the situation has actually gone on worsening as everybody knows here. It has not improved. It is worsening in spite of all those special powers—military, police and everything.

Sir, Mr. Darbara Singh was removed. He was supposed to have resigned, of course. But he was removed from the Chief Ministership. As I had said on that occasion, the President's rule was imposed even without a proper report from the Governor. All that he forwarded to the Centre was a letter from Mr. Darbara Singh. It was not the Governor's report. Any way, the purpose at that time, as I see, was only to appease the Akalies. There was a lobby which was saying, "Nobody will come for talks and nobody would negotiate so long as Darbara Singh is there ; he must be removed". And our Government suffers pathetically from this delusion that if some sort of condition can be created then the so-called moderates among the Akalies will be willing to come for talks and settlement ; they will have the courage to stand up to the extremists. But longer the delay and if you go on rifting like this...

SHRI RAM PYARE PANIKA (Robertsganj) : This is your imagination.

SHRI INDRAJIT GUPTA : We have seen now what is happening...

THE PRIME MINISTER (SHRIMATI INDIRA GANDHI) : At this stage, I do not want to interrupt. But this is what the Opposition leaders have been saying all along, including Mr. Gupta.

SHRI INDRAJIT GUPTA : Yes, including Mr. Gupta have always said that this must be a political move. It cannot be done by means of some sort of gimmick of removing one Chief Minister.

SHRIMATI INDIRA GANDHI : That was not a gimmick.

SHRI INDRAJIT GUPTA : Yes, you have a majority in the Punjab Assembly. You have a majority and you could have made somebody else as the chief Minister and carried on. But the whole idea given, impression given was by the imposing the President's rule and giving special powers to police and military, it would be possible to control the situation. We said, 'No'. I must point out and I hope the Prime Minister will not contest this. You see, the other day—on the 7th of last month—when she kindly called the leaders of the Opposition for a consultation, it was decided that again a tripartite meeting would be convened and they would be asked to come which would be held later on the 14th. I am sorry to say that the entire Press has been given the impression also and the Government, of course, has taken credit and kept quiet as though it was the Government which called the Opposition leaders in order to initiate the idea of havnig another tripartite meeting. This was not so. The hon. Prime Minister remembers that. It was not so. Please bear with me.

SHRIMATI INDIRA GANDHI : I am not contradicting you.

SHRI INDRAJIT GUPTA : You please bear with me. I can read your expression, you see. As a matter of fact, in that meeting—the point is, I am coming to that connection in the subsequent events. Otherwise, it does not matter much. We did not deny also that. If you want to take the credit, you take the credit. But in that meeting, all of us were pressing for resumption of the tripartite talks for the simple reason that there was no other way out to deal with this question. You may fail in the tripartite talks, once or twice or thrice, whatever it is. What else are you going to do ? How else will you tackle the problem ?

If I remember a right, it was the Government; the Prime Minister, who were very reluctant at that time to resume the tripartite talks saying. It will not lead to any result. We have tried it before. It is no use negotiating with these people. They always come up with new demands and so on and so forth. The day the tripartite talks resumed, new and widespread disturbances were engineered outside—the whole thing callapsed in one day—and the Akalis walked out of the talks. They got a chance and they said, "We will not come back." And the trouble spread to Haryana also. I am not going into all that now as to what happened in Haryana.

MR. CHAIRMAN : You take into account the time factor also.

SHRI INDRAJIT GUPTA : I do not think this kind of a debate will take us very far.

MR. CHAIRMAN : You might have so many things to say. Therefore, I said, the time factor is also there. The Prime Minister will reply to the debate at 4 O'Clock.

SHRI INDRAJIT GUPTA : It is not yet 3 O'Clock.

MR. CHAIRMAN : There are so many other members also to speak.

SHRI INDRAJIT GUPTA : She must tell us what the Government is thinking of doing. It is no use saying that her party is not like some other parties. She has cried to make a virtue of this indiscipline in her party saying, "We are not monolithic and we do not want to be monolithic." But you are the ruling party and you cannot boast of your lack of discipline, lack of unity and chaos inside your party. You should not try to make a virtue out of something which is dividing Congressmen from Congressmen even on communal issues depending on whether they belong to Punjab or Haryana.

AN HON. MEMBER : The Congress is not divided.

SHRI INDRAJIT GUPTA : Earlier; I remember, a few days ago, in some other context, I think, in some interview to some foreign press also the Prime Minister was on record as saying, "We are not as disciplined as some communist parties" and so on. That may be...

PROF. N.G. RANGA (Guntur) : That is true.

